
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार, 1 सितंबर 2025





## सितंबर महीने में त्योहारों की श्रृंखला...

# गणेश विसर्जन, नवरात्र के साथ दिखेगी ईद की रौनक, पितृपक्ष में पुरखों को याद करेंगे परिजन, 7 की रात दिखेगा चंद्र ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्यौहारों के दृष्टिकोण से सितंबर महीना खास होने वाला है। आगामी महीने में जहां गणेश विसर्जन, नवरात्र से लेकर ईद की रौनक देखने को मिलेगी। वहीं पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पूर्वजों को याद करेंगे। इसके अलावा दर्जनभर अन्य त्यौहार भी इस महीने पड़ रहे है। जिनमें महिलाएं व्रत रखती है।

सितंबर का आधा महीना भाद्रपद और आधा अश्विन का होने वाला है। इस महीने कई शुभ योग बनते हैं और इन योगों में खास व्रत और त्यौहार पड़ते हैं। ग्रहों और नक्षत्रों के लिहाज से भी सितंबर का महीना बेहद शुभ होता है। सितंबर में गणेश चतुर्थी, महालक्ष्मी व्रत, पितृपक्ष, इंदिरा एकादशी और राधा अष्टमी समेत ललिता सप्तमी का व्रत रखा जाता है।

### सितंबर महीने में प्रदोष, जीवित्पुत्रिका सहित एकादशी जैसे व्रत भी, भक्ति-भाव में गुजरेगा महीना

#### बंद रहेंगे बैंक-स्कूल

सितंबर महीने के दौरान कुल 10 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। जिसमें शनिवार और रविवार के अलावा अन्य अवकाश भी शामिल हैं। दरअसल सितंबर में कई त्यौहार के अवसर पर बैंक अवकाश है। जिनमें ओणम, दुर्गा पूजा आदि शामिल हैं। पूरे भारत में बैंक प्रत्येक रविवार और दूसरे व चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। ऐसे में अगर आपका बैंक से संबंधित कोई पेंडिंग काम है तो पहले से ही अपनी योजना बना लेना बेहतर होगा। इसके अलावा स्कूलों में भी बच्चों को त्यौहारों की वजह से ढ़ेरों छुट्टियां मिलने वाली है।

#### खास बातें

- मानसून का भी अंतिम महीना
- शहर से लेकर गांव तक रहेगी त्यौहारों की धूम, तैयारियां
- बाजार में दिखेगा त्यौहारों का असर



#### इस महीने दो चंद्रग्रहण भी

7 सितंबर को साल का दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण भी लगेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देने वाला है, इसलिए इसका प्रभाव भारतवर्ष पर होगा। चंद्रग्रहण 7 सितंबर को रात 9 बजकर 58 मिनट पर लगेगा और इसका समापन 8 सितंबर की रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल दोपहर को 12.57 बजे शुरू हो जाएगा। साल का आखिरी और दूसरा सूर्यग्रहण 21 सितंबर को लगेगा। यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। भारतीय समयानुसार यह सूर्यग्रहण रात 11 बजे से लेकर रात 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा।

#### मनाए जाएंगे यह त्यौहार

इस महीने ढ़ेरों त्यौहार मनाए जाएंगे। जिनमें 3 सितंबर परिवर्तिनी एकादशी, 4 सितंबर वामन जयंती, 5 सितंबर ईद-ए-मिलाद, ओणम, प्रदोष व्रत, 6 सितंबर गणेश विसर्जन, अनंत चतुर्दशी, 7 सितंबर भाद्रपद पूर्णिमा व्रत, चंद्रग्रहण, 8 सितंबर पितृपक्ष शुरू, 10 सितंबर विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी, 14 सितंबर जीवित्पुत्रिका व्रत, 17 सितंबर एकादशी श्राद्ध, इंदिरा एकादशी, कन्या संक्रांति, 18 सितंबर गुरुपुष्य योग, 21 सितंबर सर्व पितृ अमावस्या, 22 सितंबर शारदीय नवरात्रि शुरू, घटस्थापना, 25 सितंबर विनायक चतुर्थी, 25 सितंबर स्कंद सष्टी, 30 सितंबर दुर्गाष्टमी, सरस्वती पूजा-अर्चना की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### टंगिया से एटीएम में तोड़फोड़, दो गिरफ्तार



**धमतरी।** दानीटोला नहर नाका मुख्य मार्ग पर स्थित एटीएम में अज्ञात चोरों ने गैंती व टंगिया से तोड़फोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया है। घटना शुक्रवार की देर रात्रि की है। महिमासागर वार्ड में जैविक खाद प्लांट जाने वाले मोड़ में सड़क किनारे स्थित धनपत साहू के मकान में हिताची का एटीएम है। उक्त एटीएम जिला अस्पताल के पास स्थित सिविल लाइन निवासी हेमलता यारदा पति सोहन लाल उम्र 39 वर्ष के नाम से संचालित है। गुरुवार की देर रात्रि दो लोग गैंती व टंगिया लेकर एटीएम पहुंचे और वहां पर लगे दरवाजे का कुंदा व कब्जा उखाड़कर भीतर प्रवेश किया। पुलिस ने आरोपी शनि ढीमर पिता उकेश उम्र 27 वर्ष दानीटोला स्कूल चौक निवासी व रामदयाल ध्रुव पिता बिसनाथ उम्र 40 वर्ष शीतला मंदिर के पास दानीटोला धमतरी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### ईंट फैक्ट्री में दुर्घटना महिला की हालत गंभीर



**बालोद।** ईट फैक्ट्री में मशीन की सफाई कर रही महिला का पैर अचानक मशीन के चपेट में आ गया, जिससे महिला के दोनो पैर फैक्चर हो गया। जिसके बाद महिला के साथ काम करने वाले सहयोगियो की मदद से महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां महिला का प्रारंभिक ईलाज के बाद रेफर कर दिया गया। दल्लीराजहरा इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 27 निवासी रूपा मंडावी 47 वर्ष कुछ माह पहले ही रोजी मजदूरी करने के लिए बालोद थाना क्षेत्र ग्राम परसोदा में स्थित गंगोत्री फ्लाई ऐश फैक्ट्री में काम करने आई थी। महिला फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री के हाइड्रोलिक मशीन की साफ सफाई कर रही थी। तभी महिला द्वारा मशीन की साफ सफाई करने के दौरान फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री का हाइड्रोलिक मशीन अचानक चालू हो गया। मशीन के अचानक प्रारंभ होने से मशीन की साफ सफाई कर रही महिला के अपने आप को सम्भाल नही पाई और महिला का पैर मशीन की चपेट में आ गया।

### चिल्फीघाटी पुलिस ने 2 क्विंटल से अधिक गांजा किया बरामद

**कवर्धा।** जिले की सीमावर्ती चिल्फीघाटी पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसे मुखबिर के जरिए चिल्फीघाटी पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर में नाकाबंदी कर वाहनो की तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर के द्वारा बताए गए संदिग्ध वाहन को रोककर बारीकी से वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया अत्यंत गुप्त चैंबर मिला।

### राजधानी के फीडरों की कुंडली बनने पर मिली जानकारी

# फीडरों के पास के पेड़ों से बिजली गुल का झटका, समस्या हल कर रही पॉवर कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सभी जोन के अधिकारियों से जानकारी मांगी गई कि उनके फीडरों में रोज कितनी बार बिजली गुल हो रही है और इसका कारण क्या है। शहर के उन फीडरों में ही रोज बिजली गुल होती है, जिन फीडरों के आस-पास पेड़ों का जाल है। पेड़ों की डालियां तारों से लिपटी हुई हैं। जानकारी आने के बाद अब फीडरों को पेड़ों की डालियों से मुक्त करने अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बार-बार बिजली गुल से मुक्ति मिल सके। प्रदेशभर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के 55 सौ फीडर हैं। प्रदेशभर के शहरों से हमेशा शिकायत आती है कि किसी भी फीडर में रोज दो से चार बार बिजली का गुल होना आम बात है। ऐसा ही राजधानी रायपुर में भी होता है। राजधानी में कभी भी किसी भी फीडर में किसी भी समय बिजली गुल होना आम बात है। चाहे वह अलसुबह 5 बजे हो या फिर सुबह के 10 बजे या फिर 12 बजे, दोपहर से लेकर शाम और रात में कभी भी बिजली का गुल होना आम बात है। बिजली गुल क्यों होती है, इसका एक ही जवाब मिलता है कि फीडर में ट्रिप होने के कारण बिजली बंद होती है। कारण अधिकारी नहीं बता पाते।

खास खबर

**बिजली व्यवस्था के मामले में राजधानी का भी बहुत बुरा हाल हो गया है। राजधानी में 33 और 11 केवी के करीब 500 फीडर हैं। इनमें थोक में कई फीडरों में रोज दो से चार बार पांच से दस मिनट तक बिजली गुल होना आम बात है। यह खबर प्रमुखता से हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद रायपुर सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा ने सभी फीडरों की कुंडली बनवाने का काम किया।**



बार-बार बिजली गुल पर पॉवर कंपनी गंभीर, बनेगी राजधानी के फीडरों की कुंडली

सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता ने सभी फीडरों की रिपोर्ट बनाकर देने के दिए निर्देश

#### समस्या का कर रहे समाधान

फीडरों के बार-बार बंद होने का एक बड़ा कारण फीडरों के आसपास के पेड़ों की डालियां हैं। इसकी जानकारी होने पर ऐसे फीडरों में समस्या को समाप्त करने के लिए पेड़ों की डालियों की कटिंग की जा रही है। वैसे मेंटेनेंस के समय भी पेड़ों की कटिंग की जाती है, लेकिन फिर से इनकी डालियां बढ़ जाने से समस्या होती है।

**- महावीर विश्वकर्मा**, अधीक्षण अभियंता, सर्किल वन रायपुर



#### जवाब तलब करने पर मिली जानकारी

बार-बार बिजली गुल से परेशान शहर की समस्या को देखते हुए जब हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो रायपुर सर्किल वन के अधीक्षण अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने सर्किल के सभी जोन के अधिकारियों से उनके जोन के फीडरों की जानकारी मांगी। जो जानकारी सामने आई है, उसमें बताया गया है कि उन फीडरों में ही ज्यादा ट्रिप होता है, जिन फीडरों के आसपास पेड़ों का जाल है। पेड़ों की डालियां तारों के आसपास रहने से कभी भी तारों में स्पार्किंग हो जाती है, जिसके कारण फीडर ट्रिप होते हैं और बिजली गुल होती है। इसके अलावा फीडरों से जुड़ी लाइन में भी कभी पेड़ों के कारण ट्रिप होना आम बात है। कई बार इसकी वजह से बड़ी खराबी भी आ जाती है तो इसको ठीक करने में घंटों लग जाते हैं।

### सनसनीखेज वारदात से दहला इलाका

## धारदार हथियार से पाठ बाबा मंदिर के पुजारी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात तखतपुर के निगारबंद स्थित पाठ बाबा मंदिर के पुजारी की धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। तखतपुर पुलिस के अनुसार, निगारबंद परसाकांपा निवासी जागेश्वर पाठक उर्फ मोटू पिता स्व. राजकुमार पाठक 30 साल सिद्धबाबा पीठपाठ बाबा मंदिर के पुजारी थे। इसके पहले उनके पिता मंदिर के पुजारी थे। उनकी मृत्यु के बाद से वे मंदिर की देखरेख में पूजा पाठ कर रहे थे। शनिवार की रात 8 बजे वे घर से खाना खाकर मंदिर में सो गए थे। देर रात अज्ञात लोगों के द्वारा जागेश्वर पाठक पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर उनकी हत्या कर दी। उनके सिर व चेहरे पर गंभीर चोट के निशान है।



#### विवाद पर घटना की आशंका

जांच के दौरान पुलिस को मौके से एक जोड़ी चप्पल मिली है। बताया जा रहा है मंदिर के बाजू में एक दंपती अधिया में खेती करते थे। जिससे पुजारी व महिला के बीच बातचीत होती रहती थी। इससे उसका पति पुजारी से अवैध संबंध होने का संदेह कर पत्नी से मारपीट करने लगा। महिला पति को छोड़कर मायके में रहने लगी। एसीसीयू टीम महिला से पूछताछ करने के बाद उसके पति को खोजने उसके घर गई तो वह नहीं मिला। बहरहाल टीम टेक्निकल माध्यम से उक्त व्यक्ति की पतासाजी में जुटी हुई है। उसके पकड़े जाने पर हत्या के खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

**पतासाजी की जा रही:** मंदिर परिसर में पुजारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-अर्चना झा, एडीशनल एसपी ग्रामीण

### 15 सितंबर तक अलग-अलग दिनों करेंगे काम

## नॉन इंटरलाकिंग के कारण होगा 18 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीआर बिलासपुर रेल मंडल के रायगढ़ स्टेशन में चौथी लाइन को जोड़ने और पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर में अधोसंरचना कार्य के कारण नान इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 18 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें संबंधित स्टेशनों से निर्धारित समय पर रवाना होने वाली ट्रेनें विलंब से और कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।

- ट्रेनें विलंब से और कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा

अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है यह व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे आधारभूत संरचना में तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी। इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य में अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। वहीं बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

#### इन ट्रेनों पर पड़ेगा प्रभाव

यह कार्य 31 अगस्त से शुरू हुआ, 15 सितम्बर तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इसकी वजह से 2 सितम्बर को पुरी से चलने वाली 18477 पूरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट विलंब से, 3 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 3 सितम्बर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 4 घंटे देर से, 3 सितम्बर को पूरी से चलने वाली 20472 पूरी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट देर से, 18478 को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट देर से, 3 सितम्बर को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट विलंब से, 2 सितम्बर को सिकंदराबाद से चलने वाली 17007 सिकन्दराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट देर से, 2 सितम्बर को इंदौर से चलने वाली 20917 इंदौर-पूरी एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना की जाएगी। इसी तरह पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग कार्य के कारण 1 सितम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलने वाली गाड़ी संख्या 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल -भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर, भुवनेश्वर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर, सम्बलपुर सिटी होकर, पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22866 पुरी- लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी एवं सरला जंक्शन होकर, लालगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 20471 लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन एवं सम्बलपुर सिटी होकर चलेगी।

## माइल स्टोन से टकराई बाइक किशोर-किशोरी की गई जान

**शंकरगढ़/राजपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बीती रात माइल स्टोन से टकरा गई। इस घटना में किशोर व किशोरी की मौत हो गई। पुलिस द्वारा रविवार को शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बाइक सवार दनगरी फाल से घूमने के बाद सेवारी जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरगवां में 31 अगस्त की रात लगभग 1 बजे तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक के चालक माइल स्टोन से टकरा गए। बाइक सवार युवकों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद वे उछलकर 50 फीट दूर खेत में जा गिरे। खेत में भी पत्थर मौजूद था जिससे टकराकर बाइक सवार किशोर और किशोरी की मौत हो गई। बाइक सवारों के साथ मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक किशोर व किशोरी को मृत घोषित कर दिया।

- दनगरी फाल से घूमने के बाद सेवारी जा रहे थे बाइक सवार, जांच में जुटी पुलिस

## कक्षा में बात करने पर शिक्षिका ने की पिटाई, छात्रा के घुटने में आई सूजन

**राजपुर।** शासन प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी स्कूलों में बच्चों से मारपीट के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर आक्रोश में आकर एक शिक्षिका ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। मारपीट में छात्रा के घुटने में सूजन आ गई है। अब इस मामले में जांच उपरान्त डीईओ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए शिक्षिका को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।

- जांच के बाद डीईओ ने किया निलंबित, लाऊ क्षेत्र की घटना

बताया जा रहा है कि विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाऊ के धमधमिया पारा प्राथमिक शाला में पढ़ने वाली 11 वर्षीया मुनिका कोरवा आ. कोइरा राम कक्षा पांचवीं की छात्रा है। छात्रा 28 अगस्त को स्कूल गई हुई थी। स्कूल के प्रधान पाठक राम राज यादव किसी बैठक में शामिल होने के लिए गए हुए थे। स्कूल में सहायक शिक्षक एलबी ज्योति तिर्की मौजूद थी। आरोप है कि कक्षा में तीन छात्राएं आपस में बात कर रही थीं। इसी बात को लेकर शिक्षिका ज्योति तिर्की ने छात्राओं की डंडे से पिटाई कर दी। जब प्रधानपाठक रामराज यादव बैठक से वापस लौटे तो देखा कि मुनिका रो रही है और उसके पैर में सूजन आ गई थी। ऐसे में उन्होंने घटना की सूचना परिजन के साथ ही बीईओ व अन्य अधिकारियों को दी और छात्रा को सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया।



#### शिक्षिका की गई सस्पेंड

इधर इस मामले में बीईओ आदित्य पाटनवार ने मामले की जांच कर रिपोर्ट डीईओ भेजी। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीएन मिश्रा ने इस मामले में घोर लापरवाही के लिए शिक्षिका ज्योति तिर्की को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में ज्योति तिर्की का मुख्यालय बीईओ कार्यालय शंकरगढ़ निर्धारित किया गया है।

### सुरगी के बाद अब जिले के तोरनकट्टा में शराब के खिलाफ मुहिम

## शराब बेचने पर 31000 दंड, बताने वाले को 11000 ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसा सोमनी थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम तोरणकट्टा में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के सदस्यों द्वारा गांव में शराबबंदी, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका व पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं पिलाने वालों या बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया।

जुएं-सट्टे के साथ आज-कल के बच्चों द्वारा मोबाइल में बच्चों का जो लत लगा है, उसके संबंध में भी दंड का प्रावधान किया गया है। गांव में कड़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए। जिसमें शराब पीने वाले को 5000 दंड, शराब पीने वाले की जानकारी बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। शराब व गांजा बेचने वाले को 31000, बताने वाले को 5100 ईनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा।

शराब, गांजा पीकर गाली-गलौज करना, अभद्र व्यवहार व घर में भी गाली-गलौज करने वाले से 5100 दंड लिया जाएगा। शराब-गांजा पीकर गाली-गलौज करने के संबंध में बताने वाले को 1100 ईनाम दिया जाएगा। गांव में सट्टा-जुआ खेलने वाले को आदमी पीछे 31,000 दंड व बताने वालों को 11000 ईनाम दिया जाएगा।

#### फोन गेम खेलने पर भी दंड

मोबाइल गेम खेलने वाले व्यक्ति व बच्चों के परिवार को 5000 का आर्थिक दंड दिया जाएगा। बताने व सूचना वाले को उचित ईनाम, 2000 दंड लिया जाएगा। इस बैठक में उपसरपंच रेखलाल साहू, शरद साहू, मुकेश साहू, औरान साहू, पिलेश्वर साहू, सरपंच प्रतिनिधि जनक ठाकुर, विद्यादास साहू, गौतम ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



#### मारपीट करने पर भी दंड

त्यौहार के समय व कोई भी आयोजन के समय गाली-गलौज और मारपीट करने वाले को व गुट बनाने को प्रति व्यक्ति 11000 का दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। दुकान में खुला डिस्पोजल गिलास बेचना और खरीदना मना है, लेने व बेचने वाले को 5000 दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम। रात 11 बजे तक कोई भी व्यक्ति घूमते हुए व मोबाइल चलाते पाया गया तो प्रति व्यक्ति 5000 दंड और बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। 15 साल के बच्चों को, कम उम्र के बच्चों को गुटखा देना मना है, अगर 15 साल के बच्चों को दुकानदार गुटका और पाउच बेचना मना है, नहीं तो दुकानदार के ऊपर 5000 दंड लिया जाएगा। खरीदने वाले के ऊपर 2000 दंड लिया जाएगा।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## सोसाइटी में सीमित स्टॉक, खुले मार्केट में लूट

## 1000 रुपए बोरी बिक रही

छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में किसानों को खेती के लिए सही कीमत में यूरिया-खाद नहीं मिल रही है। यहां हालत यह है कि इन्हें 266 रुपए में मिलने वाली यूरिया की बोरी को खरीदने के लिए 1000 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। हरिभूमि ने राजनांदगांव, जगदलपुर, गरियाबंद, दुर्ग-भिलाई और धमतरी जिले में पड़ताल की। इस दौरान यह तथ्य निकलकर सामने आया कि कई इलाकों में खाद की कमी का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है।




हरिभूमि की खबर के बाद कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

# ताबड़तोड़ छापे, 23 उर्वरक दुकानों से 113 बोरी जब्त, रद्द होंगे लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

खबर का असर

कृषि विभाग ने जिले के 23 उर्वरक दुकानों में छापामार कार्रवाई करते हुए 113 बोरी यूरिया जब्त किया है। रविवार को उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिला अंतर्गत सभी विकासखंडों में दल बनाकर निजी पंजीकृत उर्वरक विक्रय केन्द्रों में औचक निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई। विकासखंड बिल्हा अंतर्गत



रात्रे कृषि केंद्र बिल्हा, कान्हा एग्रो बिल्हा, गुप्ता ट्रेडर्स बिल्हा, किसान मितान बिल्हा, गिरधर कृषि केन्द्र चकरभाठा, कृषि सेवा केन्द्र चकरभाठा, एवं जय माता दी खाद भंडार चकरभाठा में जांच की गई, जिसमे रात्रे कृषि केन्द्र बिल्हा में बिना पॉश मशीन के यूरिया खाद का विक्रय करने के साथ ही उपलब्ध यूरिया खाद का स्कंध पंजी में संधारण नहीं किए जाने, स्कंध ▸▸ शेष पेज 3 पर

### सात दिनों में मांगा जवाब

सभी उर्वरक विक्रय केंद्रो को नियमानुसार व्यवसाय करने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई, साथ ही कृषि केंद्रों को स्पष्टीकरण तामिल हेतु सात दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन, जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। समय सीमा में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबन, निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। बिलासपुर जिले के डबल लॉक सेंटरों में 245 मे. टन यूरिया खाद का भंडारण हुआ है। समितियों के मांग अनुसार नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा समितियों में भंडारण की कार्रवाई की जा रही है।

## यूरिया संकट...धान की पत्तियां ही नहीं किसानों का चेहरा भी पड़ रहा पीला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर/ भिलाई/ राजनांदगांव/ मैनपुर/ धमतरी/ कवर्धा

समय पर खाद का छिड़काव करने के लिए मजबूरन किसानों को निजी कृषि केन्द्रों से खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। वहीं, कवर्धा में किसानों को उचित कीमत में खाद मिलने पर थोड़ी राहत मिली है। दुर्ग जिले में यूरिया खाद की खुले आम कालाबाजारी चल रही है। सहकारी समितियों में 600 रुपए की यूरिया बोरी को बाजार में 1000 रुपए में बेचा जा रहा है। दुर्ग और पाटन क्षेत्र के कृषि केंद्रों में कृषि केंद्रों हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ। कृषि केंद्रों में जब डीएपी खाद के दाम विक्रेताओं से पूछा गया तो उन्होने 2000 रुपए बोरी बताया। डीएपी सहकारी समितियों ▸▸ शेष पेज 3 पर

### प्रदर्शन के बाद मैनपुर पहुंचा था केवल दो दिनों तक खाद

गरियाबंद के विकाखंड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र के सहकारी समितियों मे किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में लगभग 17 हजार हेक्टेयर मे मक्के की खेती की जाती है और 30 हजार हेक्टेयर में धान, लेकिन किसानों को यूरिया, डीएपी खाद अभी भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। साथ ही डीएपी खाद के रूप मे एनपीके खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। खाद की समस्या को लेकर मैनपुर में किसानों ने झमाझम बारिश के बीच रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। चक्काजाम करने की चेतावनी दी ▸▸ शेष पेज 3 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | = ₹76139/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | = ₹92990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | = ₹101508/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### ‘वोटर अधिकार यात्रा’ का समापन आज

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेता सोमवार को यहां पैदल मार्च निकालेंगे।



इसके साथ ‘वोटर अधिकार यात्रा’ का समापन होगा। यह मार्च गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से पटना उच्च न्यायालय के निकट बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा तक निकाला जाएगा। इसमें राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, महागठबंधन के अन्य नेता और समर्थक शामिल होंगे।

### रैगिंग के आरोप में छह छात्रों के खिलाफ केस

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ जिले में प्रथम वर्ष के एक इंजीनियरिंग छात्र की कथित तौर पर ‘रैगिंग’ लेने और उसकी पिटाई करने के आरोप में छह वरिष्ठ छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा गांव स्थित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय रैगिंग रोधी प्रकोष्ठ में रैगिंग की शिकायत दर्ज कराने पर शनिवार को बीटेक के प्रथम वर्ष के एक छात्र की दूसरे वर्ष के छात्रों ने कथित तौर पर पिटाई कर दी।

### यूपी में ‘नो हेलमेट, नो फ्यूल’ अभियान आज से

**लखनऊ।** दो पहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में पहली सितंबर से ‘नो हेलमेट, नो फ्यूल’ विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। आगामी 30 सितंबर तक चलने वाले अभियान में परिवहन, पुलिस, राजस्व अथवा जिला प्रशासन के अधिकारी मिलकर मुख्य जिम्मेदारी निभाएंगे।



### पुंछ में दो आतंकवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए हैं। छापेमारी के दौरान आजमाबाद निवासी तारिक शेख और चंबर गांव निवासी रियाज अहमद को हिरासत में लिया गया तथा उनसे की गई पूछताछ के आधार पर दो राइफल एवं गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने आजमाबाद में शेख के घर पर छापा मारा और उसे उसके साथी अहमद के साथ गिरफ्तार कर लिया।




*चीन के तिआनजिन शहर में चल रहे एससीओ समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक घंटे लंबी द्विपक्षीय वार्ता की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के बीच मीटिंग में शी जिनपिंग ने कहा, दोस्त बनना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) का एक साथ आना बहुत जरूरी है।*

प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर मंथन

# ट्रंप को दिखाई ताकत, जिनपिंग ने कहा हाथी और ड्रैगन का साथ आना जरूरी

एजेंसी ▸▸ तियानजिन

वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को विस्तार देने का संकल्प भी लिया। दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत में मुख्य रूप से व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-चीन संबंधों के लगातार विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर बीजिंग के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार घाटे में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों पर साझा आधार का विस्तार करने की सहमति व्यक्त की। मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य में कहा, “हमारा सहयोग दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हितों से जुड़ा है।

### शी को दिया भारत आने का न्योता

पीएम मोदी ने चीन द्वारा शंघाई सहयोग संगठन की सफलतापूर्वक अध्यक्षता किए जाने के लिए शी को बधाई भी दी। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति को 2026 में भारत में प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित भी किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए मोदी को धन्यवाद दिया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की।

### भारत, चीन को अपने संबंधों को दीर्घकालिक नजरिए से देखें: शी

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और चीन को अपने संबंधों को ‘रणनीतिक’ और ‘दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य’ से देखना चाहिए। शी ने कहा, दोनों पक्षों को अपने संबंधों को रणनीतिक ऊंचाइयों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना एवं संभालना होगा ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों का निरंतर, मजबूत और स्थिर विकास हो सके।

### एक मंच पर मोदी-पुतिन और जिनपिंग



### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- **रिश्तों में प्रगति पर जोर...** मोदी और शी जिनपिंग ने माना कि दोनों देशों के बीच पिछले एक साल में रिश्तों में स्थिर प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए और साझेदारी को प्राथमिकता देनी चाहिए।
- **सीधी उड़ानें बहाल करने का एलान...** मोदी ने घोषणा की कि भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर शुरू होंगी। कोविड-19 महामारी के दौरान यह सेवाएं बंद हो गई थीं, जिससे यात्रियों को हांगकांग या सिंगापुर होकर जाना पड़ता था।
- **कैलाश मानसरोवर यात्रा और वीजा...** मोदी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीजा को फिर से शुरू करना दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास का प्रतीक है। चीन ने इस यात्रा को पहले ही बहाल किया था और भारत ने हाल ही में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा जारी करना शुरू किया।
- **रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर...** मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत-चीन रिश्तों को तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों देशों ने वैश्विक आतंकवाद और निष्पक्ष व्यापार जैसे मुद्दों पर साझा सहयोग बढ़ाने की बात कही।

### चीन में डिप्लोमेसी का नया चैप्टर

चीन के तियानजिन में ग्लोबल डिप्लोमेसी का एक नया चैप्टर देखने को मिला। एससीओ समिट के मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मेजबान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ दिखे। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद इस समिट को बड़ा माना जा रहा है क्योंकि इसमें ट्रंप को छोड़ बाकी सभी महाशक्तियां एक ही मंच पर मौजूद थीं। ग्रुप फोटो सेशन के दौरान एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। एससीओ समिट के मंच पर जब पीएम मोदी पहुंचे तो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उनकी पत्नी पेंग लियाउन भी साथ थीं। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने जिनपिंग और उनकी पत्नी से हाथ मिलाया।

### मुलाकात बन सकता है माइलस्टोन

ग्लोबल ऑर्डर में ये मुलाकात माइलस्टोन बन सकता है। मगर विरोधाभास है, जो तीन देशों (भारत-रूस और चीन) के बीच में हमेशा रहा है। इस मुलाकात के बाद ट्रंप की टैरिफ आंधी उड़ पाती है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। अगर ये होता है तो भारत की जय जय होगी।

इंदौर जा रहा था विमान

## इंजन में ‘आग का संकेत’ दिल्ली लौटी एअर इंडिया की उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

इंदौर जा रहा एअर इंडिया का एक विमान रविवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद पायलट को विमान के दाहिने इंजन में ‘आग का संकेत’ मिलने के बाद दिल्ली लौट आया।



विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में आपात स्थिति में उतरने से पहले विमान 30 मिनट से अधिक समय तक आसमान में चक्कर लगाता रहा।

### 30 मिनट तक आसमान में चक्कर

विमानों की उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट ‘फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम’ पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ए320 नियो विमान से संचालित यह उड़ान दिल्ली में वापस उतरने से पहले 30 मिनट से अधिक समय तक आसमान में चक्कर लगाती रही। एअर इंडिया ने बताया कि इस घटना की सूचना नागर विमानन महानिदेशालय को दे दी गई है।

## सीबीआई की जांच से संबंधित भ्रष्टाचार के 7,000 से अधिक मामले कोर्ट में पेंडिंग

**नई दिल्ली।** सीबीआई की जांच से संबंधित भ्रष्टाचार के 7,072 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। यह जानकारी केंद्रीय सतर्कता आयोग की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई। सीवीसी ने बताया कि इनमें से 379 मामले 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। 31 दिसंबर, 2024 तक कुल मामलों में से 1,506 मामले तीन साल से कम समय से, 791 मामले तीन साल से अधिक और 2,115 मामले पांच साल से अधिक और 10 साल से कम समय से लंबित थे।

### पिछले साल 644 मामलों में फैसला

सीवीसी ने बताया कि साल 2024 के दौरान 644 मामलों में फैसला सुनाया गया। इनमें से 392 मामलों में दोषसिद्धि हुई, 154 मामलों में दोषमुक्ति हुई, 21 मामलों में आरोपी बरी हुए और 77 मामलों का अन्य कारणों से निपटारा किया गया।

कमिश्नरों की रिपोर्ट आने के बाद जाएगी अंतिम रिपोर्ट

## भारतमाला मुआवजा घोटाले में अब केंद्र की एंट्री, राज्य से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित भारतमाला मुआवजा घोटाला मामले में अब केंद्र सरकार की भी एंट्री हो गई है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्य सरकार से घोटाले की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार यह आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने कलेक्टरों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट को अंतरिम ▸▸ शेष पेज 3 पर


भारतमाला में करोड़ों की हेराफेरी, दुर्ग, रायपुर समेत कई शहरों के 20 ठिकानों पर छापे

### जहां बनी सड़क वहीं घोटाला

राष्ट्रीय राजमार्ग भारतमाला परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों रायपुर, धमतरी, कांकेर, कोण्डागांव, कोरबा, रायगढ़, जशपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा से होकर गुजर रही है। वर्तमान में विभाग में परियोजना हेतु ▸▸ शेष पेज 3 पर

### इन बिंदुओं पर जांच के आदेश

राज्य सरकार ने कई बिंदुओं के आधार पर मामले की जांच का आदेश दिया है। इनमें यह शामिल है, मूल खसरे को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटे-छोटे भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाना, भू-अर्जन हेतु आशय पत्र प्राप्ति दिनांक के उपरांत मूल भूमि का हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण इत्यादि मुआवजा के लिए शामिल करना, अधिक मुआवजा प्राप्त करने पूर्व दिनांक से फर्जी नामांतरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किया जाना, मुआवजा पत्रक तैयार करते समय भूमि पर स्थित संपत्तियों का सही विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाना, अन्य किसी भी बिंदु, जिन पर जांच आवश्यक समझी जाए।

केंद्रीय संस्कृत विवि के साथ मिलकर प्रारंभ किया गया पाठ्यक्रम

फ्रेंच, जर्मन, इंग्लिश जैसी विदेशी भाषाओं में पहले ही संचालित है डिप्लोमा पाठ्यक्रम

# विद्यार्थियों को संस्कृत में बात करना सिखाएगा रविवि, अंग्रेजी नहीं अब देववाणी में अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब अपने विद्यार्थियों को इंग्लिश में बात करना सिखाएगा। इसके लिए केंद्रीय संस्कृत विवि की सहायता ली जा रही है। छात्रों को संस्कृत में वार्तालाप सिखाने विशेष रूप से एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। विवि में स्थापित भारतीय ज्ञान



प्रणाली केंद्र के अंतर्गत इस पाठ्यक्रम का संचालन होगा। कला एवं भाषा विभाग के अंतर्गत जर्मन, फ्रेंच सहित इंग्लिश भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम रविवि पहले से ही संचालित कर रहा है। अब देववाणी में भी छात्रों को वार्तालाप करना सिखाया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इसकी शुरुआत की गई है। फिलहाल 2-3 सीटों पर ही प्रवेश हो सका है। खाली रह गई सीटों पर 5 सितंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। ना केवल संस्कृत के इस विशेष पाठ्यक्रम बल्कि विवि अध्ययनशाला और महाविद्यालयों में संचालित प्रत्येक पाठ्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 5 सितंबर तक दाखिले दिए जा सकेंगे। रविवि प्रबंधन का ▸▸ शेष पेज 3 पर

### दिया जाएगा व्यवहारिक ज्ञान

अब तक हिंदी, इंग्लिश जैसी भाषाओं सहित संस्कृत में भी स्नातकोत्तर की उपाधि रविवि द्वारा दी जाती रही है। इसमें संस्कृत व्याकरण सहित कई अन्य चीजें शामिल रहती हैं। लेकिन संस्कृत डिप्लोमा में छात्रों को केवल व्यवहारिक ज्ञान ही प्रदान किया जाएगा। उन्हें यह बताया जाएगा कि संस्कृत के शब्दों का इस्तेमाल करते हुए किस तरह से संवाद किया जाना है। रोजमर्रा के जीवन में इसके प्रयोग पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय संस्कृत विवि के सहयोग से संचालित किए जा रहे इस पाठ्यक्रम की राज्य प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि देशभर के कई ▸▸ शेष पेज 3 पर

### ऑनलाइन होगी परीक्षा

संस्कृत पाठ्यक्रम की फीस 1200 रुपए निर्धारित की गई है। पंद्रह वर्ष से अधिक आयु का कोई भी संस्कृत का जिज्ञासु संस्कृतभाषा-प्रमाणपत्रीय-पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है। संस्कृतभाषा-प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके बाद ही प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। ये क्रेडिट आधारित अंशकालिक पाठ्यक्रम हैं। पाठ्यक्रम का नाम संस्कृतभाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम रखा गया है। अध्येता समर्थ पोर्टल के माध्यम से आपना विवरण भर कर नामांकन कर सकते हैं। अध्येताओं की सुविधानुसार संस्था के द्वारा कक्षा की समय सारिणी ▸▸ शेष पेज 3 पर

यूपी में बड़ा हादसा

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से मालिक समेत चार की मौत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में रविवार को एक घर में संचालित की जा रही पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया, विस्फोट उस



घर में हुआ जहां पटाखा फैक्टरी संचालित की जा रही थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो की पहचान फैक्ट्री मालिक आलम (50) और उसकी पत्नी मुन्नी (48) के रूप में हुई है।

### दूर तक दिखा धुएं का गुबार

धमाके में फैक्ट्री की दीवारें टूटीं। इसके चलते शव दूर जाकर गिरे। धमाका होते ही 2 किमी दूर से लोगों ने रिकॉर्डिंग शुरू की। यहां से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। मलबे में एक पैर दिख रहा था। लोगों ने ईंटें हटाना शुरू कीं तो अचेत अवस्था में व्यक्ति मिला। उसके कपड़े जल चुके थे।

## ग्रुप फोटो सेशन में पाक व तुर्किए को दिखाई औकात

# एससीओ में भारत की कूटनीति, मोदी ने शहबाज-एर्दोगन की ओर देखा भी नहीं

*एससीओ में भारत ने जो कूटनीति दिखाई है, उसकी खूब चर्चा हो रही है। चीन के तियानजिन में एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। इसके बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ सभी देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाक पीएम शहबाज शरीफ और तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से दूरी बनाए रखी, यहां तक कि उन्होंने उनकी ओर देखा भी नहीं।*



नेपाल के पीएम ओली से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

एजेंसी ▶▶| तियानजिन

**इन दोनों को छोड़ सबसे गर्मजोशी से मिले मोदी :** फोटो सेशन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान, इजिप्ट पीएम मुस्तफा मदबौली, बेलारूस के राष्ट्रपति समेत कई नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की। वहीं उन्होंने शहबाज और एर्दोगन को नजरअंदाज किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और ज्यादा बिगड़ गए हैं। वहीं तुर्किए ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ था।

### भारत-चीन-रूस को एक साथ देख बढ़ी ट्रंप की टेंशन

दरअसल, चीन के तियानजिन में ग्लोबल डिप्लोमेसी का एक नया चैप्टर देखने को मिला। पीएम मोदी, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग एक साथ एक मंच पर दिखे। इस मुलाकात से ट्रंप की टेंशन बढ़ गई है। फोटो सेशन के दौरान मंच पर तुर्किए और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष भी मौजूद थे मगर पीएम मोदी ने उन्हें तवज्जोह नहीं दी।



बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात

### 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ ब्रिक्स देश एकजुट : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले "भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों" के खिलाफ एक एक साथ हैं। पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं।

#### भारत सहित ये देश हैं ब्रिक्स के सदस्य

ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं।

#### पुतिन चीन की जीत की वर्षगांठ में शामिल होंगे

शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले परेड में भी शामिल होंगे।



मालदीव के राष्ट्रपति के मोइज्जु से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

### पाक के कारण तुर्किए ने बिगाड़े अपने रिश्ते

भारत-पाकिस्तान के बीच कैसा संबंध है ये तो जगजाहिर है लेकिन तुर्किए के साथ जो कभी भारत के अच्छे संबंध थे, वो इस समय खराब चल रहे हैं। इसके पीछे की वजह है पाकिस्तान। पहलगाम आतंकी हमले के बाद तुर्किए ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया था और भारत के खिलाफ पाकिस्तान को हथियार भी मुहैया कराया था। इसके बाद तनाव इतना बढ़ गया कि भारत में तुर्किए बॉयकॉट की मुहिम शुरू हो गई।



म्यांमार के सीनियर जनरल से हाथ मिलाते पीएम मोदी।

### कजाकिस्तान सहित इन देशों के राष्ट्रपति से मिले मोदी

मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा- हमारे देश ऊर्जा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मा सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। समिट के दौरान मोदी ने मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। उन्होंने कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद करते हुए कहा- भारत-मिस्र की दोस्ती नई ऊंचाइयों को छू रही है। वहीं मोदी ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा- मुझे अलेक्जेंडर से मिलकर खुशी हुई। जहां तक हमारे देशों का संबंध है, हम दोनों ही भविष्य में मिलने वाले लाभकारी अवसरों को लेकर बहुत आशावादी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### राहुल के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वाराणसी के विशेष न्यायाधीश (सांसद-विधायक) अदालत के एक आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है। अधीनस्थ अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध से जुड़े एक मामले को एसीजेएम की अदालत के पास भेज दिया है। यह मामला अमेरिका में सिखों के संबंध में 2024 में दिए गए एक बयान से जुड़ा है। यह मामला न्यायमूर्ति समीर जैन की एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है जिस पर एक सितंबर, 2025 को सुनवाई की जाएगी।


### खतरनाक जगहों से खाली कराए गए प्रतिष्ठान

**कटरा/जम्मू।** वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित होटल सहित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल खाली कराने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच, त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा रविवार को खराब मौसम के कारण लगातार छठे दिन भी स्थगित रही।

*मुस्लिम बोले- घाटी पंडितों की जन्मभूमि*

## तीन दशक के बाद कश्मीर में फिर खुला शारदा भवानी मंदिर

**पाकिस्तान स्थित शारदा माता मंदिर की है एक शाखा**



एजेंसी ▶▶| जम्मू

कश्मीरी पंडित समुदाय ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शारदा भवानी मंदिर को तीन दशकों से भी ज्यादा समय बाद फिर से खोल दिया। इस समारोह में स्थानीय मुस्लिम समुदाय की भारी भागीदारी रही। मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' के साथ आयोजित इस समारोह में कश्मीरी पंडित परिवारों का एक ग्रुप 1990 के दशक की शुरुआत में कश्मीर घाटी में उग्रवाद भड़कने के बाद पहली बार अपने पैतृक स्थान पर लौटा। इस दौरान एक मुस्लिम बुजुर्ग ने कहा कि कश्मीर घाटी कश्मीरी पंडितों की जन्मभूमि है और दोनों समुदाय साथ-साथ पले-बढ़े हैं।

### स्थानीय मुसलमान की करते थे प्रेरित

बडगाम स्थित शारदा स्थापना समुदाय के अध्यक्ष सुनील कुमार भट्ट ने कहा, हम कह सकते हैं कि यह पाकिस्तान स्थित शारदा माता मंदिर की एक शाखा है। हम लंबे समय से इस मंदिर को फिर से खोलना चाहते थे। स्थानीय मुसलमान भी यही चाहते थे। वे हमें नियमित रूप से आकर मंदिर की पुनर्स्थापना करने के लिए कहते थे।

### पंडित समुदाय के वापस लौटने का स्वागत

यह स्थानीय समुदाय के समर्थन को दर्शाता है।" एक बुजुर्ग स्थानीय मुसलमान ने कहा कि पंडित समुदाय का अपनी जड़ों की ओर लौटने पर हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा, ये लोग इसी गांव के निवासी हैं। हालात बिगड़ने से पहले हम साथ रहते और खाते-पीते थे। अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत होती है, तो हम उनकी मदद के लिए मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी पंडितों की 'जन्मभूमि' है और दोनों समुदायों के लोग साथ-साथ पले-बढ़े हैं। उन्होंने कहा, हम साथ बिताए पलों को कैसे भूल सकते हैं? हमें खुशी है कि वे यहां आए और प्रार्थना की। यह उनकी आस्था का मामला है।

### मंदिर को 35 साल बाद खोला गया

पंडित समुदाय ने 35 साल बाद मंदिर को फिर से खोला है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह (सभा) एक वार्षिक आयोजन होगा और हम माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि समुदाय के सदस्य जल्द ही कश्मीर लौट आएं। भट्ट ने कहा कि कुछ कश्मीरी पंडितों ने, जिनमें से ज्यादातर प्रधानमंत्री पैकेज के तहत काम कर रहे हैं, मंदिर का पुनर्निर्माण किया है और पुराने मंदिर के खंडहर हो जाने के कारण, उन्होंने जिला प्रशासन से एक नए मंदिर के निर्माण के लिए संपर्क किया है।

**झारखंड का मामला : अन्य आरोपियों को भी सजा**

## भूमि घोटाले में पूर्व मंत्री एक्का व पत्नी को 7 साल की सजा

एजेंसी ▶▶| रांची

सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर फर्जी पते पर अपने मंत्री पद का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के 15 वर्ष पुराने मामले में आज सीबीआई की अदालत ने झाकखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का, तत्कालीन एलआरडीसी, रांची कार्तिक कुमार प्रभात समेत 9 अभियुक्तों को दोषी करार दिया देते हुए सात साल व अन्य को 5 व 4 साल की सजा सुनाई। एनोस एक्का को सीबीआई कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई और 2.10 लाख का जुर्माना लगाया। उनकी पत्नी मेनन एक्का को भी 7 साल की सजा सुनाई और 2.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

### पूरी जांच के बाद पाया गया दोषी

इस मामले में सीबीआई के द्वारा जांच पूरी करते हुए दिसंबर 2012 में चार्जशीट दाखिल की थी। 22 अगस्त को इस मामले में दोनों पक्ष की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 29 अगस्त तय की थी। 29 अगस्त को ही सीबीआई के विशेष जज की अदालत ने 15 साल पुराने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी जमीन खरीदने के मामले में 30 अगस्त को सजा सुनाई गई।



### इन दोषियों को मिली इतने-इतने साल की सजा

अन्य दोषियों जिसमें तत्कालीन एलआरडीसी समेत अन्य को पांच साल और वहीं कुछ दोषियों को चार साल की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी गोवर्धन बैठा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, राजस्व कर्मचारी मणिलाल महतो और बृजेश्वर महतो को पांच-पांच की सजा और 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अनिल कुमार राज, किशोर सिंह, फिरोज अख्तर और राजस्व कर्मचारी बृजेश मिश्रा को चार-चार साल की कैद इसके अलावा 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं भरने पर अतिरिक्त समय जेल में रहना पड़ेगा।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर आरोप है कि उन्होंने 15 साल पहले राज्य में मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर 1.18 करोड़ रुपए से अधिक की आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री फर्जी एड्रेस का इस्तेमाल कर की थी। इसमें सभी आरोपियों की मिलीभगत से सीएनटी एक्ट का उल्लंघन किया गया था।

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग को दीं 89 लाख शिकायतें, सभी कर दीं खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान पार्टी के बूथ स्तरीय एजेंटों द्वारा अनियमितताओं की 89 लाख शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन चुनाव आयोग ने सभी को खारिज कर दिया। यह आरोप लगाते हुए कि ये अनियमितताएं चुनाव आयोग की मंशा पर संदेह पैदा करती हैं, खेड़ा ने पूरी प्रक्रिया दोबारा कराने की मांग की। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा चुनाव आयोग को अपने सूत्रों से लगातार यह खबर मिल रही है कि किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत नहीं आ रही है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने एसआईआर में अनियमितताओं से संबंधित 89 लाख शिकायतें चुनाव आयोग को सौंपी थीं जिन्हें नहीं सुना गया।



### चुनाव आयोग ने कहा एक भी आपत्ति नहीं दी

हालांकि, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा आज तक, बिहार में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किसी भी जिला अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी भी बीएलए ने 1 अगस्त को निर्धारित प्रारूप में प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में किसी भी नाम पर कोई दावा (फॉर्म 6) या आपत्ति (फॉर्म 7) प्रस्तुत नहीं की है।

## असम राइफल्स ने बरामद किया गोला बारूद व ग्रेनेड सहित हथियारों का जखीरा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम राइफल्स ने चम्फाई जिले के सैकुम्फाई गांव और उसके आसपास तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार जब्त किए। तलाशी अभियान के दौरान टीम ने घर से एक 12 बोर राइफल, एक पिस्तौल, गोला-बारूद और विस्फोटक, ग्रेनेड और जंग लड़ने सरीखा असलहा जब्त किया। खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने घर के पास के जंगल में छिपे हुए भंडार का पता लगाया, जिसमें बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और अन्य युद्ध संबंधी सामान थे।

**तीन ड्रम पकड़ाई विस्फोटक बनाने की सामग्री :** टीम ने कॉर्डटेक्स के तीन ड्रम, इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरण बनाने की सामग्री, विस्फोटकों का एक बेलनाकार पैकेट, पीईके के सात पैकेट, दो स्कोप, एक बुलेटप्रूफ प्लेट, तीन बुलेटप्रूफ जैकेट और एक बेल्ट भी जब्त किया है।

### क्या-क्या असलहा हुआ जब्त

बयान में कहा गया कि इस जखीरे में एक हेकलर और कोच जी3 असॉल्ट राइफल, दो स्प्रिंगफील्ड स्नाइपर राइफल, दो शॉटगन, एक एमए असॉल्ट राइफल और दो हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। इसके अलावा, 75 जीवित स्नाइपर राउंड, 92 जीवित 303 ट्रेसर राउंड, 30 जीवित 7.62 मिमी राउंड, 8 जीवित बारह बोर राउंड, 2 फायर किए गए बारह बोर केस, 91 जीवित 5.56 मिमी राउंड, और 1-1 जीवित और फायर किया गया 9 मिमी राउंड भी जब्त किए हैं।

### जम्मू-कश्मीर में हथियारों सहित 2 आतंकी गिरफ्तार

इधर, जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को एक बार फिर 2 आतंकियों को पकड़ने में सफलता मिली है। रविवार को जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में 2 आतंकी गिरफ्तार हुए हैं। दोनों से अवैध हथियार राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारकर सुरक्षा बलों और स्टेट पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ा।

**बोले सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, सीजेआई का किया आभार**

## आवारा कुत्तों ने मुझे दुनियाभर में फेमस कर दिया

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के मामले के पुराने फैसले को हाल में ही सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ का नेतृत्व करने वाले न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अब एक मजाकिया टिप्पणी करते हुए कहा कि इस केस ने मुझे दुनियाभर में प्रसिद्ध कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस विक्रम नाथ ने एक कार्यक्रम में कहा, इतने दिनों से मुझे कानूनी क्षेत्र में अपने छोटे से काम के लिए जाना जाता था, लेकिन मैं आवारा कुत्तों का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझे न केवल इस देश में बल्कि पूरी दुनिया में नागरिक समाज में पहचान दिलाई। केरल के तिरुवनंतपुरम में नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी की तरफ से आयोजित मानव-वन्यजीव संघर्ष पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन में बोलते हुए जस्टिस नाथ ने कहा कि वह भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई को भी शुक्रिया अदा करना चाहते हैं जिन्होंने यह केस उन्हें सौंपा।

### पुराने आदेश में किया संशोधन

22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो जजों की छोटी बेंच के 11 अगस्त के फैसले पर रोक लगा दी थी। उस फैसले में कहा गया था कि दिल्ली-एनसीआर से उठाए गए आवारा कुत्तों को आश्रयों से नहीं छोड़ा जाना चाहिए। आदेश में संशोधन करते हुए, तीन जजों की बेंच ने फैसला सुनाया कि कुत्तों को उसी स्थान पर वापस लौटाया जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था। ऐसा केवल टीकाकरण और नसबंदी के बाद ही किया जाना चाहिए। यह निर्देश मौजूदा पशु कल्याण दिशानिर्देशों के अनुरूप है।



### नेशनल लेवल पर पॉलिसी जरूरी

जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा- इसके लिए नेशनल लेवल पर पॉलिसी बननी चाहिए। हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। देश के बाकी हाईकोर्ट में जहां भी मामले लंबित हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किया जाए। अगली सुनवाई आठ हफ्ते बाद अक्टूबर के लिए लिस्ट कर दी है।

### 2027 में सीजेआई बनेंगे जस्टिस विक्रम नाथ

जस्टिस विक्रम नाथ ने फरवरी 2027 में भारत के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने वाले हैं। उन्होंने वर्तमान सीजीआई बीआर गवई को यह मामला उन्हें सौंपने के लिए धन्यवाद भी दिया।

### सीजीआई को दिया धन्यवाद

जस्टिस नाथ ने मजाकिया लहजे में कहा, ...और मैं अपने सीजीआई को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे वह मामला सौंपा। मुझे बहुत खुशी हुई... खैर, भारत के बाहर के लोग भी मुझे जानते हैं। इसलिए मैं उन्हें यह पहचान देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## राजधानी में श्रद्धालुओं का सैलाब

रायपुर। राजधानी में रविवार को विघ्नहर्ता की एक झलक पाने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लाखेनगर चौक पर मध्यरात्रि तक शिव-पार्वती स्वरूप गणेशजी का दर्शन पाने ऐसी भीड़ उमड़ी कि मेले जैसा माहौल हो गया। चौतरफा भीड़ इस उत्सव की साक्षी बनने परिवार के साथ हर पंडाल में पहुंचती रही। गुढ़ियारी और लाखेनगर में भक्तों की सुविधा के लिए पुलिस तथा गणेशोत्सव समिति के वॉलंटियर्स सहयोग के लिए मुस्तैद दिखे। पुलिस बल भी अलग-अलग ग्रुप में तैनात रहा। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी।

# भूस्खलन से बिजलीघर में फंसे 11 कर्मचारी
# आईएमडी ने कहा- सितंबर में भी भारी वर्षा

*देश के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में रविवार को मूसलाधार बारिश के कारण एक बड़ा हादसा हुआ। 280 मेगावाट की धौलीगंगा बिजली परियोजना की सामान्य एवं इमरजेंसी सुरंगों के मुहाने पर हुए भारी भूस्खलन से एनएचपीसी के 19 कर्मचारी फंस गए। आनन-फानन में राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब 19 में से 8 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। इधर, आईएमडी ने सितंबर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

## उत्तराखंड में बारिश का कहर, कई राज्यों में तबाही



जम्मू में भू-स्खलन से आधी सड़क टूट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पिथौरागढ़

मानसून का असर अभी भी बरकरार है। मानसून का यह सीज़न काफी अच्छा रहा है, जिससे देशभर के कई राज्यों में अच्छी बारिश हुई है, जिससे कई नदी, तालाब और बांध भर गए हैं। हालांकि कुछ राज्यों में बारिश ने खूब तबाही मचाई। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि भूस्खलन से परियोजना की दोनों सुरंगों-सामान्य और आपातकालीन को जाने वाला रास्ता बंद हो गया। इससे उसके अंदर काम कर रहे 19 अधिकारी और कर्मचारी फंस गए थे। घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल मलबा हटाने की ▶▶|शेष पेज 3 पर

## धौलीगंगा परियोजना की दोनों सुरंगों को जाने वाले रास्ते में भूस्खलन



### बाढ़ से बह गया पुल

उत्तराखंड के चमोली जिले में ज्योतिर्मठ-मलारी राजमार्ग पर भारी बारिश के कारण तमक बरसाती नाले में आई बाढ़ से वहां बना एक पुल बह गया। इससे एक दर्जन गांवों का संपर्क टूट गया।

### राजस्थान में अलर्ट

राजस्थान में इस बार मानसून जमकर बरस रहा है। मौसम विभाग के अलर्ट अनुसार 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7 सितंबर के दौरान राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट, सितंबर में होगी भारी वर्षा

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है। दक्षिणी हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में सामान्य जनजीवन बाधित हो सकता है। उन्होंने कहा, 'उत्तराखंड से कई नदियां निकलती हैं। इसलिए, भारी बारिश का मतलब है कि कई नदियां उफान पर होंगी और इसका असर निचले इलाकों के शहरों ▶▶|शेष पेज 3 पर

## बस्तर का हाल-बेहाल





## भारी बारिश व बाढ़ से 76 सड़क, 5 पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त, एक पुल बहा, 26 करोड़ का नुकसान

जगदलपुर। बस्तर संभाग में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं दूसरी ओर बारिश एवं बाढ़ से संभाग के 4 जिले में लगभग 76 सड़क, 5 पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हुए और एक पुल बह गया, जिससे लगभग 26 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बस्तर जिले में 29 सड़क, 4 पुलिया नेतानार-कोलेंग, कस्तूरपाल, ढोढरेपाल-डिलमिली, मुतनपाल, दंतेवाड़ा के 22 सड़क, पुल पुलिया जर्जर, गीदम-बारसूर के पुल बह गए। ▶▶|शेष पेज 3 पर

### 4 जिलों में मार्ग, पुल-पुलिया पर बारिश ने बरसाया कहर



### सड़कों की तत्काल करें मरम्मत

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में बताया कि क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र के जर्जर, कटे सड़कों को तत्काल मरम्मत करें। ऐसे सड़कों, पुल पुलियों का स्टीमेंट बनाकर भेजे, जिससे निविदा कर कार्य किया जा सके।

### साडरा जाने 20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि बस्तर जिले के किलेपाल से पखनार जोड़ने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हुई। कर्मचारियों को एक से दो किमी जाने के लिए तय करना पड़ रहा है, पुल टूटा तो कुछ सड़क उखड़ गई है। साथ ही साडरा जाने के लिए को कोई दूसरा रास्ता नहीं है, वहां जाने के लिए 15-20 किलोमीटर पैदल जाना पड़ रहा है।




## चिंतन

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।



टैरिफ संकट
विकेश कुमार बडोला

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़

> भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी। उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है।

इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक



वक्तव्य भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।

अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं। इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है।

इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## व्यक्तित्व

कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'


मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण



गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, तब डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था - 'डॉ. हज़ारिका, मैं हमेशा आपके जैसा बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं आपके जैसा कैसे बन सकता हूँ?' तेजपुर विश्वविद्यालय ने इन दोनों महापुरुषों को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की थी। भूपेन दा के महाप्रयाण के कुछ दिन पहले स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भूपेन दा को दीपावली की शुभकामनाएं भेजते हुए जीवन-संघर्ष में विजय पाने का उत्साह दिया और कहा था- 'सभी उत्कृष्ट भारतीयों में आप सर्वश्रेष्ठ हैं।' मेरी नजर में भूपेन दा एक ऐसे ही व्यक्तित्व थे।

*( लेखक प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
## दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाता है



संकलित
## प्रेरणा

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## सोरहिया मेला

वाराणसी में 16 दिनों तक चलने वाले सोरहिया मेले के दौरान लोग अनुष्ठान करते हुए।



## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*– विकास लाहोटी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज



फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे।

## ऑफ बीट

# एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है




जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है – वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है? शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा।

## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?

-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड में पीएम मोदी का आह्वान

## ‘वोकल फॉर लोकल’ से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत, गर्व से कहो, ये स्वदेशी है

# उपहार वही हो- जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो-जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो-जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो-जो भारत में बनी झालरों से हो

### स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गणेशोत्सव और आने वाले सभी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खासतौर पर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्वच्छता अभियान पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि त्योहारों में हमें उपहार, पहनावा, सजावट और रोशनी सब कुछ भारत में बने सामान से ही लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। उपहार वही हो, जो भारत में बना हो, पहनावा वही हो, जो भारत में बुना हो, सजावट वही हो, जो भारतीय सामान से हो, और रोशनी वही हो, जो भारत में बनी झालरों से हो। उन्होंने ‘वोकल फॉर लोकल’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ का मंत्र दोहराते हुए कहा कि यही विकसित भारत की ओर जाने का रास्ता है। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि स्वदेशी अपनाने से न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान भी और सशक्त बनेगी। साथ ही उन्होंने स्वच्छता अभियान पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाना जरूरी है।

## पीएम मोदी ने ‘मन की बात’ में किया जिक्र

### फुटबॉल खिलाड़ियों को जर्मनी में मिलेगा प्रशिक्षण



पीएम मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि जर्मनी के एक फुटबॉल कोच ने शहडोल के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई है। इसके तहत जल्द ही यहां के चार खिलाड़ी जर्मनी की एक अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि हाल ही में उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष का जिक्र किया था। इस पॉडकास्ट को सुनने के बाद जर्मनी के फुटबॉल कोच डायटमार बेयर्सडॉर्फर खिलाड़ियों की कहानी से प्रभावित हुए और उन्होंने भारतीय दूतावास से संपर्क कर प्रशिक्षण देने की पेशकश की। मध्य प्रदेश सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। तय हुआ है कि शहडोल के चार युवा खिलाड़ी, जिनमें दो बालक और दो बालिकाएं शामिल होंगी, अक्टूबर में जर्मनी जाएंगे। खिलाड़ियों के साथ एक प्रशिक्षक भी भेजा जाएगा। सभी का चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम घोषित किया जाएगा। सरकार इसके लिए पूरा खर्च वहन करेगी। ‘मिनी ब्राजील’ की पहचान से अंतरराष्ट्रीय मंच तकः विचारपुर गांव को फुटबॉल के प्रति जुनून के कारण ‘मिनी ब्राजील’ कहा जाता है, जिसने हाल के वर्षों में खेल जगत में खास पहचान बनाई है। यहां के खिलाड़ी अपने संघर्ष और समर्पण से न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

## जैकेट के शेष

### ताबड़तोड़ छापे, 23 ...

एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने, निर्धारित प्रारूप में बिल जारी नहीं करने के कारण स्पष्टीकरण जारी करते हुए उपलब्ध 113 बोरी यूरिया खाद को जब्त किया गया। इसे निर्धारित दर पर कृषकों को वितरित करने के साथ लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। गुप्ता ट्रेडर्स बिल्हा को निर्धारित प्रारूप में बिल जारी नहीं करने के कारण नोटिस दिया गया। कृषि सेवा केन्द्र चकरभाठा को स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने, निर्धारित प्रारूप में स्कंध पंजी संधारण नहीं करने, पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने के कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है। जय माता दी खाद भंडार चकरभाठा को पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने तथा नियमित प्रतिवेदन नहीं भेजने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया। विकासखंड तखतपुर में बसंत खाद भंडार तखतपुर, राधेकृष्ण सेवा केन्द्र बेलसरी, अंसारी खाद भंडार तखतपुर, किसान सेवा केन्द्र तखतपुर, एवं बजरंग खाद भंडार तखतपुर कृषि केन्द्रों में यूरिया खाद का स्कंध नहीं पाया गया। विकासखंड मस्तूरी में धर्मेश कुमार राठौर कौड़िया, अशोक कुमार राठौर कौड़िया, गुरूनानक जनरल स्टोर मस्तूरी, शिव ट्रेडर्स मस्तूरी, रूद्र कृषि केन्द्र गतौरा, शुभम कृषि केन्द्र गतौरा, आदर्श ट्रेडर्स गतौरा, एवं राठौर खाद भंडार गतौरा रूद्र कृषि केन्द्र गतौरा को पीओएस मशीन में दर्शित स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर होने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया। कोटा में समृद्धि कृषि केन्द्र सीस, रश्मि कृषि सेवा केन्द्र सीस, राणीसती कृषि केन्द्र कोटा रश्मि कृषि सेवा केन्द्र में 24.48 यूरिया खाद आर्डडी पर दर्शित हो रहा है, परंतु भौतिक रूप में उपलब्ध नहीं है, पॉस मशीन खराब है, जिसे तत्काल बदलने एवं नियमानुसार स्टॉक नुल करने का आदेश दिया गया।

### यूरिया संकट...धान की ....

में 1350 रुपए बोरी मिलता है। दरअसल सहकारी समितियों में किसानों को यूरिया का वितरण नैनो यूरिया के नाम से किया जा रहा है। जिसकी वजह से किसान कृषि केंद्रों में जाकर यूरिया खाद ले रहे हैं। कृषि केंद्र वाले इसी का फायदा उठा रहे हैं।

**सोसायटी में खाद की कमी, बाजार में यूरिया के दोगुने दाम :** राजनांदगांव में सोसाइटी में खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को अधिक दाम में बाजार से उर्वरक खरीदने की मजबूरी हो रही है। समय पर खाद का छिड़काव करने के लिए मजबूरन किसानों को निजी कृषि केन्द्रों से खाद की खरीदी करनी पड़ रही है। आमतौर पर सोसाइटी में मिलने वाली 45 किलो की एनएफएल, एचयूआरएल और आईएफएफसीओ कंपनी के यूरिया उर्वरक की बोरी का दाम 266 रुपए है, लेकिन खुले बाजार में एनएफएल यूरिया 800, एचयूआरएल 1000 और आईएफएफसीओ कंपनी की यूरिया उर्वरक का दाम 1200 रुपए तक है। खाद की कमी की वजह से किसान इसे मजबूरी में खरीद भी रहे हैं। **कालाबाजारी पर कार्रवाई शून्य :** राजनांदगांव में शहरी साहित ग्रामीण क्षेत्र के कई कृषि केंद्र है, जहां पर मुनाफाखोरी करते हुए अधिक दाम पर यूरिया खाद बेची जा रही है। शासन-प्रशासन तक शिकायत पहुंचने के बाद भी इस पर करवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते दुकानदार मनमाफिक दाम में उर्वरक की बिक्री कर रहे हैं।

**चार केंद्रों की जांच यूरिया खाद जब्त :** कृषि विभाग ने शनिवार को दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के 10 कृषि केंद्रों में दबिश दी। इन केंद्रों से कुल 57.22 मिट्रिक टन यूरिया खाद जब्त की गई। कृषि विभाग के उपसंचालक संदीप भोई ने बताया कि मेसर्स रूद्र कृषि सेवा केंद्र नगपुरा में 13.35 मिट्रिक टन, मधुबन ट्रेडर्स नगपुरा, देवांगन कृषि केंद्र जंजगिरी में 02.52 मिट्रिक टन और मेसर्स विद्या कृषि केंद्र बोरी धमधा में 41.35 मिट्रिक टन खाद की जप्ती बनाई गई है। इन केंद्रों की जांच में स्टॉक अनियमित पाया गया। जिले में इस सीजन में अब तक 270 कृषि केंद्रों की जांच की गई है। जिसमें 53 को कारण बताओ नोटिस, एक लाइसेंस निरस्त करने और 13 केंद्रों में जब्ती व 10 केंद्रों में विक्रय प्रतिबंधित किया जा चुका है।

**धमतरी में भी दिखी परेशानी :** धमतरी में खाद की किल्लत का फायदा निजी कृषि केंद्र संचालक जमकर उठा रहे हैं। हरिभूमि टीम ने शनिवार को कुछ कृषि केंद्रों में पड़ताल की तो पता चला कि इन कृषि केंद्रों में किसानों को अधिक दाम में खाद थमाई जा रही है। यही नहीं, कुछ कृषि केंद्रों में लादन भी दिया जा रहा है।

**जगदलपुर में किसान भटक रहे :** जगदलपुर में 266 रुपए प्रतिबोरी मिलने वाली यूरिया की बोरी 1000 रुपए में भी नहीं मिल रही है। किसान फसल की बढ़वार के लिए यूरिया का उपयोग कर रहे हैं और यूरिया छिड़काव का समय आ गया है। किसान मौसम खुलते ही यूरिया के लिए भटक रहे हैं।

**शासकीय गोदामों में यूरिया खाद की** उपलब्धता से किसानों को बड़ी राहत : कबीरधाम जिले के किसानों के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से रासायनिक खाद की कमी से जूझ रहे किसानों को अब शासकीय खाद गोदामों से यूरिया खाद निर्धारित दर पर उपलब्ध होने लगी है। कोदवागोडान सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सरकारी समितियों में यूरिया खाद की आपूर्ति बहाल हो चुकी है और इसका उठाव जोरदार तरीके से हो रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में बाजार में यूरिया की भारी कमी के चलते निजी कृषि केंद्र संचालकों ने दाम बढ़ाकर 800 से 1000 रुपए प्रति बोरी तक कर दिए थे।

### प्रदर्शन के बाद ....

थी, जिसके बाद क्षेत्र के सहकारी सोसायटियों में लगातार दो दिनों तक खाद पहुंचाई गई। उसके बाद पिछले एक सप्ताह से फिर खाद खत्म हो गई है और कब खाद आएगी बताने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते मजबूरी में किसान महंगे दामों पर खाद लेने मजबूर हो रहे है। 266 रुपए के यूरिया 1 हजार से 1200 रुपए में खुले बाजार में बिक रहा है और मजबूरी में किसान खरीद रहे हैं। देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर, शोभा, गौरगांव क्षेत्र में ओडिशा से किसान खाद लाने मजबूर हो रहे है।

### विद्यार्थियों को संस्कृत ....

कहना है, संस्कृत भाषा वैज्ञानिकी भाषा है। संस्कृत में कृषि, कला, साहित्य, विज्ञान, दर्शन, प्रबन्धन, तकनीक, आयुर्वेद, विधि आदि का मौलिक ज्ञान निहित है। संस्कृत-अध्ययन केंद्र द्वारा सरलता से संस्कृत के विविध क्षेत्रों का ज्ञान छात्र प्राप्त कर सकते हैं।

### दिया जाएगा ....

विश्वविद्यालयों में ये पाठ्यक्रम संचालित हैं। रविवि ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाते हुए आवेदन दिया था। इसके पश्चात पाठ्यक्रम के लिए एक केंद्र रविवि अध्ययनशाला में खोला गया है।

### ऑनलाइन होगी ....

निर्धारित की जाएगी। पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद मई 2026 में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आनलाइन माध्यम से परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### भारतमाला मुआवजा घोटाले ...

रिपोर्ट बनाकर भेज दिया है। राज्य में संभागयुक्तों द्वारा भी जांच कराई जा रही है। यह रिपोर्ट आने के बाद मामले की पूरी रिपोर्ट से केंद्र को अवगत कराया जाएगा।

**घोटालों की भारतमाला :** राज्य में केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक 463 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ में 124 किलोमीटर सड़क तीन कंपनियों द्वारा बनाई जा रही है। यह सड़क नया रायपुर से भी होकर गुजरेगी। इसलिए यहां सड़क के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण के बाद करोड़ों रुपए का मुआवजा घोटाला सामने आया।

**संभागों में कमिश्नर करा रहे जांच :** इस मामले की प्रारंभिक जांच संबंधित जिलों के कलेक्टरों से कराई गई थी, बाद में सरकार ने राज्यभर के कमिश्नरों को जांच के आदेश दिए। इस संबंध में रायपुर कमिश्नर ने जांच के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों की अलग-अलग टीमें बनाई हैं। करीब दो महीने से चल रही जांच प्रक्रिया में दो टीमों की रिपोर्ट कमिश्नर को मिल चुकी है।

### जहां बनी सड़क ....

भू-अर्जन की कार्यवाही में हुई ऑनमितता की शिकायतों पर की गई जांच में भूमि अधिग्रहण करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के संबंध में प्रतिवेदन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को मिले थे। जांच के दौरान मूल रूप से अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं। मामले राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। राज्य सरकार घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू-एसीबी से भी करा रही है।

## पेज एक के शेष

### भूस्खलन से बिजलीघर...

कार्रवाई शुरू की। अभी 19 में से आठ लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। 11 अन्य को निकाले जाने के लिए काम रात तक जारी रहा। भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ। सीमा सड़क संगठन की जेसीबी मशीनों रास्ता साफ करने के काम में जुटी हैं।

### आईएमडी का...

और कस्बों पर पड़ेगा। इसलिए, हमें इसे ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महानदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भी भारी बारिश का अनुमान है। महापात्र ने कहा कि 1980 के बाद से सितंबर में बारिश में मामूली वृद्धि का रुझान है, 1986, 1991, 2001, 2004, 2010, 2015 और 2019 में इस महीने में कम बारिश को छोड़कर।

### भारी बारिश व बाढ़...

सुकमा जिले के 14 सड़क, पुल पुलिया, बीजापुर जिले के 7 सड़क क्षतिग्रस्त हुए। तुमनार, बाघमुंडी, बंजारिन घाटी, बास्तानार की सड़कों का किनारे टूट गया। इसी तरह कुछ मार्गो के पटली एवं पुल पुलिया के पहुंच मार्ग बारिश से कट गए, जिससे लोगों आवागमन बंद हो गया। इस तरह से बारिश के कारण सड़कें बह गई हैं, पुलिया टूट चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर पीडब्ल्यूडी के भवन सड़क, सेतु और राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपयंत्री टीम के साथ स्थल में पहुंचकर जर्जर, पटली एवं पुल पुलिया के कटे पहुंचमार्ग को सुधारने में जुटे हुए हैं।

## ईडी का एक्शन, छापेमारी में मिली मर्सिडीज पोर्श, मिनी कूपर, बीएमडब्ल्य और ऑडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने से जुड़े धन शोधन मामले में ओडिशा के एक व्यवसायी और उसकी कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के बाद एक पोर्श, एक मर्सिडीज, एक मिनी कूपर और एक बीएमडब्ल्यू समेत 10 से अधिक लग्जरी वाहन जब्त किए हैं। अनमोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड व अनमोल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रबंध निदेशक शक्ति रंजन दाश के भुवनेश्वर में स्थित परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की गई। हिमाचल प्रदेश में स्थित इंडियन टेक्नोमैक कंपनी लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ दर्ज कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में यह कार्रवाई की गई। धन शोधन का यह मामला आईटीसीओएल और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ हिमाचल पुलिस सीआईडी द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से संबंधित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी के निदेशकों ने विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के साथ मिलकर बैंकों के एक संघ से लिए गए ऋणों की हेराफेरी की।


## GOVT. OF MAHARASHTRA

**Public Works (North) Division, Pune**

**New Administrative Building, First Floor, Pune -411 001. e-mail- northpune.ee@mahapwd.gov.in Phone No. 020-26123305**

**E-TENDER NOTICE NO. 15 FOR 2025-2026 (Online)**

The Executive Engineer, Public Works (North) Division, Pune - 411 001 (Telephone No. 020-26123305) invites tender in "B-1" Tenders for following work through e-tendering process from contractors who fulfils terms and condinion mentioned in bid document.

Bid document can be download from website htpps:// mahatenders.gov.in Right to reject any or all online bid of work without assigning any reasons thereof is reserved by competent authority. Conditional Tender will not be accepted.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. |
|---|---|---|
| 1 | A) Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Javan-Brahmnoli-Kale MDR-26 Chainage Km 16/400 to 25/800, B) Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Kale- Yelase-Kadadhe MDR-88 Chainage Km 10/400 to 14/000 C) Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Done-Rajewadi- Adhale bk -Adhale kh phata MDR-105 Chainage Km 15/250 to 21/500, Tal. Maval, Dist-Pune | Rs. 8,70,00,000 |
| 2 | A) Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Kadadhe-Shivane MDR-28 Chainage Km 11/800 to 18/600 and Bebadohol Rice mill -Bebadohol MDR-28 Chainage Km 4/600 to 5/800. B) Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Shivane-Done MDR-230 Chainage Km 6/000 to 10/300 and Adhale kh. phata-bebadohol Rice mill Chainage Km 0/000 to 3/800 Tal. Maval, Dist-Pune | Rs. 9,60,00,000 |
| 3 | Improvement under Pune Grand Challenge Tour Program to Donje Phata-Khadakwasla-Nanded City SH-133 Chainage Km Km 13/800 to 22/850 Tal. Maval, Dist-Pune | Rs. 3,71,00,000 |

**E-Tender Time Table**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | E-tender Document Sale & Bid Submission End Date and Time | 01/09/2025 from 10.00 hrs. | 08/09/2025 upto 18.15 hrs. |
| 2 | Place, Date & Time of Pre-bid Meeting | In the office of the Chief Engineer, P.W. Region, Central Building, Pune on or before dt. 04/09/2025 at 12.00 hrs. | |
| 3 | Place, Date & Time of Bid Opening of Technical & Financial Bid | Dt. 10/09/2025 at 11.00 hrs. in the Office of the Superintending Engineer, P.W. Circle, Pune (If Possible) | |

**All Information about e-teder are available in the following web sites-**
1) www.mahapwd. gov.in (only Tender Notice)
2) https://mahatenders.gov.in
**(Any Change in tender notice will be informed on the web sites)**
3) Notice Board of Executive Engineer, P.W.North Division, Pune
(Note Tenderers Bidding Capacity shall be ascertained as per Post Qualification Criteria)

sd/-
(M.S.Barbhai)
Executive Engineer,
Public Work (North) Division,
Pune 411 001.

ROC-2025-26/क्र.-5/C2314



**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम — नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:—

1. खुली ई—निविदा संख्या आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम(डीटीटी)/5/2021/पर्यटन/सीओ — 'बौद्ध सर्किट टूरिस्ट ट्रेन' के पर्यटकों के लिए ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के प्रावधान हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए, जिसमें होटलों में फ्रेश—अप/रात भर ठहरना, ऑफ—बोर्ड खानपान, सड़क स्थानान्तरण, दर्शनीय स्थल, प्राथमिक चिकित्सा, पेशेवर/भाषा गाइड आदि शामिल हैं, दो साल की अवधि के लिए, सीजन 2025—26 और 2026—27 के लिए। बोली—पूर्व ऑनलाइन बैठक: 10.09.2025 को 11:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 25.09.2025 को 15:00 बजे तक।

2. खुली ई—निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/संचालन/बिलासपुर — 5 साल की अवधि के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 12.09.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC को देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का आगे कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टॉवर—डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली—110029



## उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड, राँची

पत्रांक- 1635, दिनांक- 30.08.2025

**विज्ञप्ति**

झारखण्ड उत्पाद (मदिरा की बिक्री हेतु खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली 2025 के प्रावधानों के अन्तर्गत विभागीय अधिसूचना संख्या-1187, दिनांक-11.07.2025 द्वारा उक्त नियमावली का दिनांक - 01.09.2025 से प्रवृत्त होना अधिसूचित है। इसके आलोक में विभिन्न प्रकार की मदिरा यथा भारत निर्मित विदेशी शराब / बीयर/ देशी मदिरा/ भारत में आयातित विदेशी मदिरा (मूल में बोतलबंद) की कर संरचना में परिवर्तन के फलस्वरूप विभिन्न आपूर्तिकर्त्ताओं के ब्राण्डों के खुदरा बिक्री मूल्य (Retail Sale Price) में दिनांक - 01.09.2025 के प्रभाव से परिवर्तन हो रहा है।

राज्य के अनुमत आपूर्तिकर्त्ताओं के विभिन्न प्रकार के ब्राण्डों के खुदरा बिक्री मूल्य (Retail Sale Price) के परिवर्तित मूल्य (दिनांक - 01.09.2025 से प्रभावी) की विवरणी विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in/Excise, https://excise.jharkhand.gov.in/jsbcl एवं सभी खुदरा उत्पाद दुकानों के परिसर में भी सर्वसाधारण की सूचना हेतु उपलब्ध है।

ह./-
आयुक्त उत्पाद, झारखंड, राँची

PR 360867 (Excise) (25-26):D


## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5975



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5974 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5985

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5984 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### बिकवाली से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग होने के बावजूद आयात की लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम हानि दर्शाते बंद हुए। भारत में शुल्क अंतर बढ़ाये जाने के बीच मलेशिया में सीपीओ से पामोलीन तेल का दाम 4.5 रुपये किलो सस्ता है।

### ईवी दोपहिया की पहुंच वर्ष 2031 तक 40 फीसदी होगी



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड ने कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2030-31 तक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत तक हो सकती है। कंपनी ने बताया कि इस समय तक कुल दोपहिया वाहन उद्योग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए सालाना 3-3.1 करोड़ इकाइयों तक पहुंच सकता है। कंपनी ने 2024-25 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि यह वृद्धि इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश में बढ़ोतरी, मजबूत सरकारी समर्थन, बुनियादी ढांचे के तेज विकास, बैटरी की कम कीमतों और उपभोक्ताओं की पसंद में तेजी से बदलाव से प्रेरित होगी। पुरानी कंपनियों द्वारा अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो में वृद्धि और नयी कंपनियों के आने से यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है।

### पिछले सप्ताह पूंजीकरण 2.24 लाख करोड़ रुपए घटा

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 2.24 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,497.2 अंक या 1.84 प्रतिशत गिरा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में

### सुशाइमो को नवाचार उत्कृष्टता पुरस्कार

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग परामर्श क्षेत्र की कंपनी सुशाइमो इंटरनेशनल लिमिटेड को कॉरपोरेट लाइव वायर यूके ने 'नवाचार एवं उत्कृष्टता पुरस्कार - 2025' से सम्मानित किया है। कंपनी के संस्थापकों में शामिल सूर्य कुमार सिंह ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। सुशाइमो इंटरनेशनल ने एक बयान में कहा कि पुरस्कार निर्णायक मंडल ने कंपनी के भारत से गहरे संबंधों को सराहा और कहा कि भारतीय कंपनियों के साथ उनके सहयोग ने न केवल घरेलू उद्योग को सशक्त बनाया है, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी नई ऊर्जा प्रदान की है।

### आईओसी के प्रोजेक्ट स्प्रिंट के नतीजे दिखने शुरू

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के 'प्रोजेक्ट स्प्रिंट' ने रिफाइनरियों में बेहतर परिचालन प्रदर्शन के साथ परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है और कंपनी ईंधन खुदरा विस्तार में नेतृत्व की स्थिति फिर से हासिल कर रही है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

# कोकिलाबेन हॉस्पिटल भारत में लाया आधुनिकतम तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम

मुंबई से लौटकर विकास शर्मा

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने आज तौमाई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम शुरू करने की घोषणा की है। यह उन्नत सर्जिकल सिस्टम भारत में पहली बार स्थापित की जा रही है। रोबोटिक्स और सटीक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत के अग्रणी संस्थान के रूप में इस हॉस्पिटल का स्थान अब और अधिक मज़बूत हुआ है। तौमाई एंडोस्कोपिक मल्टी-पोर्ट सर्जिकल सिस्टम बेजोड़ सुरक्षा, लचीलापन और सटीकता प्रदान करने वाला दुनिया भर में नवाज़ा जा रहा रोबोटिक नवाचार है। 3डी एचडी विजुअलाइज़ेशन, ट्रेमर-फ़िल्टर किए गए कलाई उपकरणों और अत्यधिक अनुकूलनीय मल्टी-आर्म तकनीक जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ, यह सिस्टम एक नए मानक का प्रतिनिधित्व करता है।

## इसे लाकर अस्पताल ने मरीज़ों की देखभाल को किया उन्नत

### तौमाई सर्जरी के तरीके बदलने डिजाइन

तौमाई को सटीकता, सुरक्षा और बेहतर परिणामों के साथ, सर्जरी करने के तरीके को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे स्वास्थ्य लाभ तेजी से मिलते हैं, रक्त की हानि कम होती है, अस्पताल में कम दिन रहना पड़ता है और सर्जरी के निशान कम से कम पड़ते हैं, इस तरह के प्रमुख लाभ सीधे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। महत्वपूर्ण रूप से, इस प्रणाली के साथ अत्याधुनिक टेलीसर्जरी करना आसान हो जाता है, जिससे 5,000 किमी तक की दूरी पर लगभग शून्य विलंब के साथ निर्बाध, रियल टाइम रिमोट ऑपरेशन संभव होता है।




**हॉस्पिटल रोबोटिक सर्जरी में अग्रणी:** पिछले एक दशक में, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल भारत में रोबोटिक सर्जरी में अग्रणी रहा है। दा विंची सिस्टम के पहले से ही संचालन के साथ, अस्पताल ने यूरोलॉजी, स्त्री रोग, ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, बैरिएट्रिक्स, ईएनटी और बाल रोग जैसी विशेषज्ञताओं में 6650 से अधिक रोबोटिक सर्जरी पूरी की हैं। यह देश का पहला अस्पताल है जिसने 3945+ यूरो-ऑन्कोलॉजी रोबोटिक सर्जरी की हैं, जो इसकी बेजोड़ विशेषज्ञता और परिणामों का प्रमाण है।

**इसमें ट्रेमर-फ्री सटीकता :** डॉ. टी.बी. युवराज, निदेशक (समूह), यूरो-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी ने कहा, तौमाई यह रोबोटिक सर्जरी में एक बड़ी छलांग है। इसमें ट्रेमर-फ्री सटीकता, 3डी-एचडी विजुअलाइजेशन और बेजोड़ उपकरण लचीलेपन का मिलाप है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सर्जन सबसे जटिल प्रक्रियाओं को भी आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

### अत्याधुनिक तकनीक लाने हमेशा पहले पहलः टीना अंबानी

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की अध्यक्षा श्रीमती टीना अनिल अंबानी ने कहा, 'कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल देश में अत्याधुनिक तकनीक लाने के लिए निरंतर प्रयास करता है। भारत के पहले मेडबॉट तौमाई सिस्टम को लाना हमारे रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम में एक और पड़ाव है। स्वास्थ्य सेवा में रोबोटिक तकनीक और मानव विशेषज्ञता की यह शक्तिशाली साझेदारी अविश्वसनीय सफ़लताएँ लेकर आएंगी।'

### हॉस्पिटल ने सबसे पहले उन्नत तकनीकों में किया निवेश

सीईओ एवं कार्यकारी निदेशक, डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा, 'कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हमेशा सबसे उन्नत तकनीकों में निवेश करके भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखा है। तौमाई को लाना न केवल हमारे रोबोटिक पोर्टफोलियो का विस्तार है, बल्कि यह उन्नत, तकनीक-संचालित स्वास्थ्य सेवा के लिए देश के अग्रणी केंद्र के रूप में हमारी अग्रणी स्थिति को भी दर्शाता है।

# कच्छ में स्वच्छ ऊर्जा का नया केंद्र शुरू अंबानी-अदाणी ने किया अरबों का निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुजरात के कच्छ रण में पाकिस्तान की सीमा के पास की एक विशाल बंजर भूमि भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गई है, जिसने उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी से कई अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है। पाकिस्तान सीमा के पास के इस सूखे और बंजर इलाके के लिए सबसे पहले अदाणी समूह ने अपनी बड़ी योजनाओं का ऐलान किया था। अदाणी का खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो पेरिस शहर से करीब पांच गुना बड़ा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा



परियोजना बताया जा रहा है, जिसका लक्ष्य सौर और पवन ऊर्जा के जरिए 30 गीगावाट बिजली पैदा करना है। अदाणी समूह ने खावड़ा में 2022 में काम शुरू किया था और फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय ग्रिड में पहली बिजली की आपूर्ति भी शुरू कर दी। दूसरी ओर, मुकेश अंबानी ने पिछले साल अगस्त में रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना बैठक में कच्छ में अपनी स्वच्छ ऊर्जा परियोजना की घोषणा की थी। इस साल की बैठक में उनके सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने और भी जानकारी दी। अनंत अंबानी ने 29 अगस्त को कहा, ''गुजरात के कच्छ में हम दुनिया की सबसे बड़ी एकल-स्थल सौर ऊर्जा परियोजनाओं में से एक विकसित कर रहे हैं, जो 5.5 लाख एकड़ बंजर भूमि में फैली है। यह सिंगापुर के आकार से तीन गुना बड़ी है।

# राजधानी रायपुर में होंडा सीबी 125 हॉर्नेट का धमाकेदार लांच

**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने रविवार शाम राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव पर अपनी प्रीमियम श्रेणी की नई मोटरसाइकिल सीबी125 हॉर्नेट लांच की। 1,12,000 रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत वाली यह मोटरसाइकिल आकर्षक डिजाइन, उन्नत तकनीक और भरोसेमंद प्रदर्शन से लैस है। इसमें फुल एलईडी लाइटिंग, ट्विन हेडलैंप विद डीआरएल, 4.2 इंच टीएफटी डिस्प्ले विद ब्लूटूथ, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग, इंजन कट-ऑफ सिस्टम, गोल्डन यूएसडी फ्रंट फोर्क्स और चौड़े ट्यूबलेस टायर जैसी आधुनिक खूबियाँ



दी गई हैं। लॉन्चिंग समारोह में वाइस प्रेसिडेंट तदाशी मिशिगे सान और रीजनल मैनेजर (सेल्स) शेषांक रज़दान सान तथा सचिव एवं परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश सान,(आईएएस), अमर परवानी, रविंद्र भसीन सहित कई गणमान्य कंपनी की ओर से विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### एडवांस फीचर्स

विशेषज्ञों का मानना है कि आक्रामक डिजाइन और एडवांस फीचर्स के दम पर नई सीबी125 हॉर्नेट प्रीमियम 125 सीसी श्रेणी में नए मानक स्थापित करेगी। ये गाड़ी वरुण होंडा , जी के होंडा , ग्रैंड होंडा और ए सिटी होंडा रायपुर में चारों डीलरशिप में उपलब्ध है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

Appointment
आवश्यकता

**टीचर**

आवश्यकता है- Kent International School, Jheet Patan Road-(CBSE) Walk in Interview for the following subjects: PGT Chemistry who can teach Biology, English, Computer Science, Timing: 10:30am to 12:30pm Contact No. 7880111062.(RO-6994)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है संपर्क रायपुर 9827918086, 9685688086.(RO-241)

**दुकान/सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में पेन काउंटर एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कियों की अनुभवी को प्राथमिकता समय सुबह 10:30 से 9:00 बजे तक लक्ष्मी सेल्स स्टेशनरी गली नं.1 विनार बार के बाजू जयस्तंभ चौक, रायपुर फोन 0771-4263621, 9685431345. (RO-6787)

**कुक**

आवश्यकता है- आदर्श गर्ल्स हॉस्टल नेहरूनगर पूर्व भिलाई मेश में वेजीटेरियन खाना बनाने महिला या पुरुष कुक की आवश्यकता है आवास एवं भोजन सुविधा उपलब्ध वेतन योग्यतानुसार 94241-19112.(आरो - 661)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करे:- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो. 8109135400.(RO-765)

आवश्यकता है- मारुति पेट्रोलियम उमदा चौक गौशाला रोड ग्राम-जरवाय भिलाई 3 'दुर्ग (छ.ग. )आवश्यकता है पेट्रोल पंप में लड़के की जो Night में ड्यूकी करे संपर्क करे:- 9340336955, 9893240395.(आरो न.- 7197)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- उरला क्षेत्र में 22 फीट 12 टन वाली लीलैंड गाड़ी चलाने हेतु कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। कम से कम 5 वर्ष अनुभव, लोकल को प्राथमिकता वेतन - 18000/- + भत्ता 200 , कार्य समय 10 से 8 बजे संपर्क :- क्लासिक स्पार्कलर्स फाफाडीह चौक रायपुर 9329425583 (RO-767)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर कार्य के एक महिला की जो 24 घंटे रह कर घर के सभी कार्य कर सके वेतन योग्यता अनुसार संपर्क 9827140065, 9131574403 काली बड़ी रायपुर (RO-6793)

आवश्यकता है- सफ़ाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था, बिजली, पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका! 18–25 वर्ष के लड़के, 11,000/– मासिक +प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM देवपुरी, रायपुर 8448107841, 9302708426. (RO-216)

हरिभूमि

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:- 9329103178.(RO-243)

**कुक/इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- आया ,महिला कुक इलेक्ट्रीशियन, चौकीदार, बढ़ाई, प्लंबर,लैब की आवश्यकता है वॉट्स अप या संपर्क करें रॉयल स्कूल संतोषी नगर रायपुर 9329621221, 8878553335. (RO-244)

**पैकिंग/डिलवरी कार्य**

आवश्यकता है- माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता, जो ई-रिक्शा चला सके, मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.(RO-248)

**आर.टी.ओ./इंचार्ज**

आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिये आर.टी.ओ. एवं इंश्योरेंस कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है (जिसे कम्प्यूटर कार्य का संपूर्ण ज्ञान हो) एवं चारपहिया वाहनों के मेंन्टेनेंस कार्य हेतु अनुभवी मेंटेनेंस इंचार्ज की आवश्यकता है। संपर्क - अमर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, महेशनगर, पुलगांव, दुर्ग (छ.ग.) फोन नं. 0788-2210721, E-mailjobs.amarinfra@gmail.com (आरो न.- 1640)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**टीचर/ड्रायवर/आया**

आवश्यकता है- साई शिक्षा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी से 8वी तक इंग्लिश टीचर , वैन ड्रायवर और आया कि आवश्यकता है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर 9406250678. (RO-410)

**सफाई कर्मचारी**

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800.(RO-6992)

**सेल्स / मार्केटिंग**

आवश्यकता है- राधा होम फ़र्नीचर, दुर्ग मे आवश्यकता है। शोरूम सेल्स, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, टेली प्राइम और एक्सेल जानकार कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर और गोदाम कर्मचारियों की, वेतन योग्यतनुसार, पुरुष / महिला संपर्क करें 11.30 से 1.30 तक। नागपुर बाईपास ब्रिज के पास धमधा रोड दुर्ग। 9425238441 (आरो न.- 666)

**टेलीकालिंग/फील्डकार्य**

आवश्यकता है- रियल स्टेट फिल्ड दुर्ग भिलाई में कार्य करने हेतु टेली कॉलिंग व फील्ड विजिट हेतु उर्जावान युवक / युवतियों की। सम्पर्क.:- 90096-00095, 90096-11195 (आरो -665)

**मैकेनिकल वर्क**

आवश्यकता है-भिलाई चरोदा रेल्वे क्षेत्र में मैकेनिकल कार्य हेतु किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है ईएसआईसी, पीएफ के साथ आकर्षक वेतन संपर्क:- 9691561188. (आरो न.- 663)

हरिभूमि

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भिलाई नेहरूनगर बुनियादी कॉम्प्लेक्स स्थित सुनील गुपचुप, चाट सेंटर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें:- मो.- 7000354963. (आरो न.-662)

**गृह कार्य**

आवश्यकता है- गृहकार्य में दक्ष, भरोसेमंद एवं अनुशासित पुरुष घरेलू नौकर की आवश्यकता अनुभवः- 5-10 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास वेतन 25 हजार तक (अनुभव व योग्यतानुसार) रहने एवं भोजन की सुविधा अनुभवी एवं जिम्मेदार उम्मीदवार एवं एजेंसियाँ संपर्क करें। Vrindavan Hall, Near IDBI Bank, Civil Lines, Raipur 9109222000. (RO-249)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। जो म. प्र. उज्जैन में रह कर कम कर सके, योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास। सैलरी 10,000 + कमिशन, बोनस+ रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15 से 20,000 Co- 9630773028, 9993044523.(RO-411)

शीघ्र आवश्यकता है- इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- मो :- 7611101133 (RO-412)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 (RO-375)

**मार्केटिंग कार्य**

आवश्यकता है- मसूढ़े, पायरिया, ओरल कैंसर, टूटे जबड़ों के ईलाज हेतु संचालित हॉस्पिटल को एक मेडिकल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव रायपुर के आसपास के क्षेत्रों में एवं घूमकर डॉक्टर्स/ हास्पिटलों में मिल सके बाइक अनिवार्य, मेडिकल मार्केटिंग अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा 7587448777 पर भेजें। (RO-38558)

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719 (RO-1125)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457. (RO-1113)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Reliance jio 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9239736582.(RO-1124)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरुरत अनपढ़ से 12वी पास लड़कों / लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+ खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586 (RO-1133)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8873762120 (RO-589)

Property
प्रापर्टी

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - सड़क चिड़चारी, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव, नेशनल हाइवे 6 से मात्र लगभग 100 मीटर अंदर प्लॉट बेचना है। राईस मिल एवं अन्य कार्य के लिए उपयुक्त। संपर्क- 9229200009.(RO-766)

**मशीन**

बेचना है- # एयर कंप्रेसर 3 एच. पी. # पैकिंग मशीन (न्यूमेटिक, कप फिलर) # मिक्सिंग हंडा # नाइट्रोजन प्लांट रनिंग कंडीशन संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8357899730.(RO-240)

For Rent
किराया

किराये से देना है- भूतल पर 2000 वर्गफीट का हाल व्यवसाय हेतु किराए पर देना है गुढ़ियारी, श्रीनगर मेन रोड रायपुर में संपर्क करें मोबाइल 9826188995, 7647982995.(RO-244)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Blaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हॉकी एशिया कप: कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

# टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, सुपर चार में रखा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है।



### चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराया

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि इसके बाद चीन ने दबदबा बनाया। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे।

### भारत ने पिछले मैच की तुलना में किया बेहतर प्रदर्शन

जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली, जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिपः नीरज के नेतृत्व में हिस्सा लेगी टीम

**नई दिल्ली।** भारत ने 13 से 21 सितंबर तक टोकियो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अगुवाई में रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की। देश के इतिहास में पहली बार भारत के चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी शामिल हैं। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालीफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे।


भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सीनियर चयन समिति की बैठक के बाद भारतीय टीम का चयन किया गया पांच महिलाएं भी शामिल हैं। भारत ने 2023 में हंगरी में हुए पिछले टूर्नामेंट में 28 एथलीट भेजे थे, जिनमें सात रिले धावक शामिल थे। इस बार देश किसी भी रिले स्पर्धा के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीता था और इस बार भी उनके अलावा किसी अन्य भारतीय के पास पदक जीतने का कोई वास्तविक मौका नहीं है।

# वीनस के साथ जीते भांबरी, कोको और नाओमी पहुंची चौथे दौर में

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क



भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की अमेरिकी जोड़ी को करारी शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए। भांबरी और वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। उन्होंने अपनी विरोधी टीम को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया और मैच में सिर्फ तीन गेम गंवाए। कोको और नाओमी चौथे दौर में प्रवेश करी है।



### गॉफ पहुंची चौथे दौर में

यूएस ओपन 2025 के वीमेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में कोको गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जबकि ओसाका ने चार साल बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इसके चलते अब साल 2019 के बाद पहली बार ओसाका और कोको का मुकाबला होगा। पिछली बार साल 2019 में दोनों के बीच मैच हुआ था तो ओसाका ने 15 साल की कोको गॉफ को सीधें सेटों में हरा दिया था।

### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
HMS
94060-21769

# दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, मैचों में लगे 8 शतक

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला गया और ये मैच भी ड्रॉ पर खत्म हुआ। बेशक दोनों मैच ड्रॉ रहे, लेकिन अपने-अपने मैचों में बड़ी बढ़त के आधार पर नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। पहले दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुछ बल्लेबाजों ने अपने हाथ जमकर दिखाए और इन दोनों मैचों में



चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए जबकि दो बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा यानी पहले दो मैचों में 4 शतकीय पारी खेली गई जबकि दो दोहरा शतक भी लगा।

### अंकित, ढुल, पाटीदार शुभम ने ठोकी सेंचुरी

दलीप ट्रॉफी के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अंकित कुमार, यश ढुल, रजत पाटीदार और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। सेंट्रल जोन की तरफ से इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जबकि सेंट्रल जोन के शुभम शर्मा ने दूसरी पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 215 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा अंकित कुमार और यश ढुल ने भी अपने हाथ दिखाए और शतक लगाया।

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702
20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS
Mo.: 9826725383
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282



### सैफ अंडर-17: भारतीय महिला टीम बनी चैंपियन

थिम्पू। भारत अपने आखिरी लीग मैच में रविवार को बांग्लादेश से 3-4 से हारने के बावजूद सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप का चैंपियन बना। चार देशों के बीच डबल राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेले गए इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की यह पहली हार थी। भारत छह मैचों के बाद 15 अंकों के साथ लीग तालिका में शीर्ष पर रहा और इस तरह उसे टूर्नामेंट का विजेता घोषित किया गया।

विश्व चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ⏭ पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756
अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28615, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्राफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवीज्योति दास
डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.)
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक
मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
" आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव "
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 7987119756, 9303508130
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
ओपीडी 50% Off

## रोचक खबरें

# बेवफा चायवाला : प्रेमी जोड़ों को 15 दिलजलों को 10 रुपए में चाय

**शाहजहांपुर।** कुछ वक्त पहले सोनम बेवफा का नाम खूब चर्चा में आया था। लेकिन, आजकल शाहजहांपुर का बेवफा चायवाला यहां युवाओ में चर्चा का विषय बना हुआ है। 19 साल का युवक बेवफा चाय वाले के नाम से स्टाल लगाकर खूब कमाई कर रहा है। यहां प्रेमी जोड़े के लिए चाय का रेट अलग है। और प्यार में धोखा खाए प्रेमी को चाय की प्याली के लिए भारी छूट दी जा रही है। बेवफा चाय वाले का कहना है कि पीएम मोदी से प्रेरित होकर पढ़ाई के साथ-साथ उसने चाय बेचने का यह अनोखा प्रयोग किया है। जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली है। बेवफा चाय वाले की लोग यहां जमकर तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, थाना सिधौली कस्बे का रहने वाले 19 साल के अंकित ने पढ़ाई की फीस चुकाने के लिए अपना रोजगार करने की फैसला किया। अंकित का कहना है कि आज के युवाओं को आत्मनिर्भर होना चाहिए। इसके बाद उसने थाने के पास अपना चाय का स्टाल लगाया। उसे अनोखा बनाने के लिए चाय स्टाल का नाम बेवफा चाई वाला रख दिया। यहां अगर प्रेमी जोड़ा चाय पीने आता है तो उसे इज्जत-सम्मान के साथ 15 रुपए की शुद्ध दूध से बनी स्पेशल चाय दी जाती है। वहीं, अगर कोई उसे यह बता दे कि उसे प्यार में धोखा मिला है तो उसे 5 रुपए की खास छूट देकर 10 रुपए की मसालेदार चाय दी जाती है।




# महिला डीजे ने पैराग्लाइडिंग करते हुए 10 हज़ार फीट की ऊंचाई पर बजाया संगीत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बीर में 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए एक भारतीय डीजे ने लाइव परफॉर्मेंस को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया है। इस अद्भुत और अनोखी उपलब्धि ने सोशल मीडिया यूज़र्स का ध्यान खींचा है। वीडियो में डीजे अपने इक्विपमेंट से मज़बूती से बंधी हुई, खूबसूरत नजारों और पहाड़ों के बीच ग्लाइडिंग करते हुए आत्मविश्वास से हवा में ट्रैक मिक्स करती हुई दिखाई दे रही हैं। उनके साथ मौजूद पैराग्लाइडिंग ट्रेनर भी म्यूजिक का मजा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पूरी तरह सफेद कपड़े पहने, उन्होंने अपने पूरे डीजे सेटअप के साथ आसमान में उड़ान भरी और 10,000 फीट की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करते हुए लाइव परफॉर्मेंस दी। हवा में ट्रैक मिक्स करते हुए और अपनी धुनों पर पूरी तरह थिरकते हुए ऊंचाई पर पहुंची। इस रोमांचक अनुभव को एक अविस्मरणीय अनुभव में बदल दिया, जहां पैराग्लाइडिंग ट्रेनर उनके साथ हर पल का आनंद ले रहे थे। इंस्टाग्राम यूज़र्स ने डीजे की क्रिएटिविटी और बहादुरी की सराहना की। एक यूजर ने चिंता जाहिर करते हुए लिखा, 15 सेकंड के वीडियो के लिए अपनी जान जोखिम में डालना अच्छा विचार नहीं है, ईश्वर आपके साथ रहे।



## कला

### पीढ़ियों से कर रहे सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का निर्माण

# सुपारी वाली गणेश मूर्ति खरीदने मचती है होड़, विदेश में भी डिमांड

**रीवा।** आपने पत्थर, संगमरमर, लकड़ी और धातुओं से बनी कई प्रकार की कलाकृतियों को देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी सुपारी से बनी कलाकृतियों को देखा है? क्या आपने सोचा है कि पान या जर्दे के साथ खाने वाली सुपारी की भी कलाकृतियां बनाई जा सकती हैं? सुपारी एक ऐसी वस्तु है जो देश के बड़े हिस्से में पाई जाती है। अधिकतर लोग यह जानते हैं कि सुपारी केवल खाने की वस्तु है, लेकिन रीवा के कुंदेर परिवार के लोग सुपारी से कई तरह के मूर्ति का निर्माण करते है। इनके यहां सुपारी से बनाई गई गजानन की मूर्ति खूब पसंद की जाती है।



### शिल्पकारी का जवाब नहीं

सुपारी की कलाकृति से राधा कृष्ण की मूर्ति के अलावा रीवा का ये विशेष कुंदेर परिवार भगवान गणेश की मूर्ति को आकार देता है। सुपारी की अलग अलग कलाकृति बना कर भगवान गणेश के अंग, आभूषण, और वस्त्र तैयार किए जाते है। इन कलाकृतियों में चमक लाने के लिए तैयार की गई गणेश जी की मूर्ति में पॉलिश की जाती है। रीवा शहर सुपारी की कलाकृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

### राज दरबार से हुई थी शुरुआत

बात 1942 की है। रीवा के फोर्ट रोड में भगवान सिंह कुंदेर का परिवार रहता था। भगवान के बेटे राम सिया लकड़ी के खिलौने बनाते थे। हुआ यूं कि रीवा के महाराज गुलाब सिंह पान खाने के शौकीन थे। लेकिन, सुपारी उनके दांतों में लग जाया करती थी। जिसके बाद महाराज ने कुंदेर परिवार को हुक्म दिया कि वे सुपारी को इस तरीके से काटें कि वो मुंह में न लगे। इसी दौरान जब राम सिया ने सुपारी को भिगो कर काटा और महाराज के सामने पेश किया तो बेहद खुश हुए। इसी दौरान राम सिया ने सुपारी से कुछ अलग करने का सोचा। सबसे पहले उन्होंने सुपारी से सिंदुर की डिब्बी बनाई और महाराज के सामने इसे भी पेश किया। जिससे खुश होकर महाराज ने 51 रुपए का इनाम दिया था।



### तोहफे में दिए जाते हैं सुपारी के गणेश जी

साल 1960 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद रीवा आए उन्हें सुपारी से बनी वर्किंग स्टिक कुंदेर परिवार ने दी। इसके बाद 1969 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रीवा आई उन्हें तोहफे के रुप में सुपारी का टी सेट दिया गया। इसके बाद तो सिलसिला चल निकला। तब से अब तक रीवा आने वाले हर आम और खास को तोहफे में सुपारी के गणेश जी और खिलौने ही दिए जाते हैं।

### इंदिरा गांधी भी कर चुकी तारीफ

रीवा में कुंदेर परिवार के द्वारा संचालित ऐसी कई दुकानें है जो पीढ़ियों से सुपारी के खिलौने और मूर्तियों का न सिर्फ निर्माण करते आ रहे है, बल्कि इस कला को महंगाई के दौर में जीवित भी रखा गया है। सुपारी की मूर्तियों का इतिहास भी काफी पुराना है। इस कला की शुरुआत वर्ष 1942 में सुपारी से सिंदूर की डिब्बी बनाने से हुई थी।

### पूरे देश से आते हैं ऑर्डर

यह डिब्बी राज परिवार के लिए बनाया गया था। आज सबसे ज्यादा सुपारी से गणेश जी की मूर्ति बनाई जा रही है। इस वर्ष भी गणेश उत्सव के दौरान इनके यहां से काफी संख्या में सुपारी से बने हुए गणेश जी खरीदे गए है। इतना ही नहीं, रीवा से दूर दूर तक इन मूर्तियों की सप्लाई होती है। पूरे देश से इन मूर्तियों को बनाने के लिए ऑर्डर मिलते है।


# पानी से नफरत करती है यह महिला, कमी पूरी करने के लिए रोज खर्च करती है हजारों!

**लंदन।** जल ही जीवन है। पर क्या कोई पानी पीने से ही नफरत कर सकता है? आपने पानी से डर, जिसे हाइड्रोफोबिया कहते हैं, तो शायद जरूर सुना होगा, पर पानी पीने से ही नफरत? हैरानी की बात लगती है। पर 52 साल की ट्रायथलीट लोरी चीक का कहना है कि कि वह पानी से इतनी नफरत करती हैं कि उन्हें इसकी वजह से दो बार अस्पताल जाना पड़ा, और अब वे कॉफी और बीयर से शरीर में पानी की कमी को पूरा करती हैं और उसके लिए बाकायदा अच्छी खासी रकम भी खर्च करती हैं। इस आदत की वजह से सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है। लोरी को बचपन से ही पानी पसंद नहीं था, और उनके माता-पिता भी पानी से दूर रहते थे।



### पानी को लेकर अलग ही राय

लोरी का कहना है कि उन्हें लोगों की राय से कोई फर्क नहीं पड़ता, और वे मानती हैं कि लोग पानी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करते हैं। वे कहती हैं, 'पानी को हाइड्रेशन का एकमात्र साधन माना जाता है, लेकिन यह सही नहीं है। लोग इसे रिफ्रेशिंग कहते हैं, लेकिन मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। यह मेरे गले से नीचे उतरते वक्त स्लाइमी और बेकार लगता है। मुझे फ्लेवर चाहिए।




# स्पेस की खौफनाक अंधेरी कोठरी, तारे का पीठ चीरकर निकल रही ये चीज

**वॉशिंगटन।** एस्ट्रोनॉट्स ने सौर मंडल के बाहर बन रहे ग्रहों का पता लगाया है। कई सालों से वैज्ञानिक मानते थे कि रिंग्स में जो गैप दिखते हैं, वे बनते हुए ग्रहों की वजह से होते हैं, लेकिन कोई पक्का सबूत नहीं था। लेकिन, इस खोज से अब वह सबूत मिल गया है। हमारे सोलर सिस्टम यानी सौर मंडल में 8 ग्रह मौजूद हैं। हालांकि काफी समय तक इसमें नौ ग्रह हुआ करते थे, लेकिन फिर प्लूटो को ग्रह की कैटेगरी से हटा दिया गया। लेकिन, आज तक एस्ट्रोनॉट्स इस बात का पता नहीं लगा सके थे कि एक ग्रह कैसे बनता है। लेकिन, अब अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक टीम को पहली बार एक ऐसा ग्रह मिला है जो अभी बन रहा है और युवा तारों के चारों ओर मौजूद धूल और गैस से बनी रिंग के बीच के अंधेरे गैप में छिपा था। यह खोज खगोलशास्त्र की दुनिया में बहुत अहम माना जा रहा है।



### कैसे देखा गया ग्रह?

जब गैस किसी नवजात ग्रह पर गिरती है, तो उससे एक खास प्रकार की हाइड्रोजन लाइट निकलती है, जिसे **H-alpha** कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इसी प्रकाश का पीछा करते हुए विस्पिट 2बी को देखा. इस ग्रह की स्थिति उसके तारे से लगभग 56 खगोलीय इकाइयों दूर है। यह दूरी हमारे सौरमंडल में नेपच्यून से भी बाहर होती है। इसका अनुमानित वजन बृहस्पति से 5 गुना ज्यादा है। एस्ट्रोनॉट्स का मानना है कि इस सिस्टम में एक दूसरा ग्रह भी हो सकता है, जिसका नाम **CC1** रखा गया है। यह विस्पिट 2बी से कुछ अंदर है और इसका अनुमानित द्रव्यमान लगभग 9 बृहस्पति के बराबर बताया गया है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com